पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 22 ◆ अंक - 1 ◆ रायपुर 05 जुलाई 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

मुख्यमंत्री ने वन क्लिक सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 का किया शुभारंभ

लॉजिस्टिक नीति एवं जन विश्वास विधेयक से छत्तीसगढ़ में विकास को मिलेगी नई गति

## भारत का नया ग्रोथ इंजन बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है छत्तीसगढ़ - मुख्यमंत्री

*रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री डायलॉग-2 के शुभारम्भ अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ अब केवल कोर सेक्टर तक सीमित नहीं, बल्कि सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फार्मा, डिफेंस, एयरोस्पेस और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे अत्याधुनिक उद्योगों का राष्ट्रीय केंद्र बनने के लिए तैयार है।*







मुख्यमंत्री श्री साय ने निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति रोजगार और आर्थिक समृद्धि पर केंद्रित है। हम अपने राज्य को नक्सल प्रभावित अतीत से बाहर निकालकर देश का सबसे गतिशील औद्योगिक और तकनीकी हब बना रहे हैं। यह प्रदेश अब निवेश का सबसे आकर्षक गंतव्य बन चुका है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि एक दिन पूर्व ही आयोजित केबिनेट की बैठक में हमने छत्तीसगढ़ राज्य लॉजिस्टिक पॉलिसी-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया है। यह नीति छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति देश की कनेक्टिविटी का केंद्र बिंदु है। यह नीति लॉजिस्टिक सेक्टर और ई-कॉमर्स में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय निवेश को आकर्षित करेगी, निर्यात अधोसंरचना को मजबूत करेगी और सस्ती भंडारण सुविधाओं का विस्तार करेगी। लॉजिस्टिक नीति से राज्य में ड्राई पोर्ट, इनलैंड कंटेनर डिपो की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा, उद्योग, व्यापार और किसानों को आधुनिक, सस्ती भंडारण और वितरण सुविधा प्राप्त होगी, लॉजिस्टिक लागत में कमी के

### इज ऑफ डूइंग बिजनेस में छत्तीसगढ़ बनेगा देश का अग्रणी राज्य

माध्यम से व्यापार और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जन विश्वास विधेयक से व्यवसाय और नागरिक जीवन में अनावश्यक जटिलताएं दूर होंगी। कुछ कानूनों के प्रावधानों का गैर-अपराधीकरण करने से व्यवसायियों को बेवजह न्यायालयीन प्रकरणों में फंसने से राहत मिलेगी और न्यायिक खर्च में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से व्यापार व जीवनयापन में सहजता सुनिश्चित की जाएगी। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार होगा।



IFS अफसर को सुशासन विभाग का जिम्मा

### मयंक अग्रवाल को चिप्स का सीओओ बनाया गया



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने भारतीय वन सेवा के अधिकारी मयंक अग्रवाल की जिम्मेदारियों में बदलाव किया है। अब तक कोरबा वन मंडल के वनमंडलाधिकारी रहे, मयंक अग्रवाल को अब सुशासन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग की उपसचिव अंशिका ऋषि पांडे के हस्ताक्षर से जारी किए गए आदेश में मयंक अग्रवाल को सुशासन एवं अभिसरण विभाग के संयुक्त सचिव के पद की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही उन्हें चिप्स के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने सत्ता में आने के बाद नया विभाग बनाया है। नाम है सुशासन एवं अभिसरण (गुड गवर्नेंस एंड कन्वर्जेंस)। अभी तक प्रदेश में 57 विभाग थे, यह 58वां है। इस विभाग का दखल दूसरे सभी 57 विभाग में है। सरकारी तंत्र में लेटलतीफी और रिश्वत मामलों को निपटाने का जिम्मा भी इस विभाग का है। इस विभाग ने एक सिस्टम जनरेट किया है, जिससे कोई अपनी जिम्मेदारी से भाग न पाए। विभाग ने जनदर्शन जैसे कार्यक्रम शुरू कर दिए हैं। अटल पो?र्टल नाम का डैशबोर्ड भी बनकर तैयार है। इसमें जनता की समस्याओं को मॉनिटर किया जाता है, ताकि सरकारी दफ्तरों में काम सही समय और पारदर्शिता से हो।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नक्सलियों के शांति वार्ता प्रस्ताव पर दी प्रतिक्रिया

## 'हथियार छोड़ें, बातचीत के लिए तैयार है सरकार '

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की केंद्रीय समिति द्वारा जारी शांति वार्ता पत्र पर राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सरकार नक्सलियों के साथ बातचीत के लिए तैयार है, बशर्ते वे हिंसा छोड़ें और आत्मसमर्पण करें। बता दें कि बीते 1 जुलाई को माओवादी संगठन ने एक विस्तृत प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्र व राज्य सरकारों से युद्धविराम और शांति वार्ता की पहल की मांग की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि सरकार आदिवासियों की ज़मीन, जंगल और अस्तित्व को नष्ट कर रही है। साथ ही बसवराजू समेत अन्य नक्सलियों की





हत्या को 'जनसंहार' करार दिया गया।

मुख्यमंत्री साय की दो टूक ङ्क गोलीबारी की भाषा आएगी तो फिर सरकार उसके लिए भी तैयार है

मुख्यमंत्री साय ने नक्सलियों द्वारा भेजे गए शांति वार्ता पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार शुरू से ही नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान करती रही है। उन्होंने कहा, हमने हिंसा छोड़ने वालों को पुनर्वास का अवसर दिया है। बड़ी संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। यदि कोई शस्त्र त्यागकर बात करना चाहता है, तो सरकार तैयार है, लेकिन यदि गोलीबारी की भाषा आएगी तो फिर सरकार उसके लिए भी तैयार है।

### अमित शाह का सख्त संदेश - 'बारिश में भी चैन से नहीं सो पाएंगे'

गौरतलब है कि बीते जून महीने में छत्तीसगढ़ दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्पष्ट शब्दों में कहा था कि नक्सलियों को हथियार डालने होंगे। अब समय आ गया है कि वे यह समझें कि न तो जंगलों में, और न ही बारिश में उन्हें चैन से रहने दिया जाएगा। चर्चा की कोई जरूरत नहीं, बस हथियार डालें। इसके बाद शाह ने नक्सल प्रभावित राज्यों ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के DGP-ADGP रैंक के अधिकारियों के साथ इंटर-स्टेट नक्सल ऑपरेशन की समीक्षा बैठक भी की थी।

### BJP सरकार बनते ही 427 नक्सली मारे गए

*छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार स्पष्ट कर चुकी है कि बिना हथियार छोड़े कोई वार्ता संभव नहीं। सरकार का लक्ष्य 2026 तक राज्य को नक्सलमुक्त बनाना है और अब तक की कार्रवाइयों से स्पष्ट है कि सुरक्षा बल इस दिशा में निर्णायक बढ़त हासिल कर चुके हैं। हाल के समय में नक्सल उन्मूलन अभियान को तीव्र गति मिली है।*

# चैंपियन मार्शल आर्ट अकैडमी में प्रशिक्षक एवं बच्चों द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस





ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** चैंपियन मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा नगर पालिका के सामने बाल मंदिर प्रांगण मैं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में अकादमी के के शिक्षकों द्वारा बच्चों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया जिसमें बच्चों ने वृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, आदि आसनों का अभ्यास बच्चों ने किया। अवसर पर अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक एवं अध्यक्ष ऋषभ सिंह चौहान सह सचिव महेश राजपूत, ओम कोरिया, रिचा यादव, भानु देवांगन, प्रवीण मोहल्ले, हिमानी शर्मा, पावनी शर्मा, आरसीएस विभाग कोसले, मोहन मानिकपुरी, रौनक कुशवाहा, साक्षी बहस, अदिति कुर्रे, आयुष कुर्रे, हर्ष बघेल, प्रवेश कटारे, सक्षम साहू, समीक्षा साहू, दक्ष वर्मा, लक्ष्य साहू, अर्पित वर्मा, दिव्यंका ध्रुव, सीनू शर्मा।

# विधायक इन्द्र साव की उपस्थिति में कांग्रेस जनों ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन सादगी से मनाया

## राहुल गाँधी के जन्मदिन पर मरीजों को वितरित किया गया फल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी का जन्मदिन स्थानीय कांग्रेस भवन में विधायक इन्द्र साव की उपस्थिति में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा सादगी से मनाया गया। इस दौरान सिविल अस्पताल में फल वितरण किया गया।



इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि युवाओं की आवाज़, वंचितो की उम्मीद और देशवासियों के हक की लड़ाई को मुखरता से लड़ने वाले जननायक नेता प्रतिपक्ष, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी का जन्मदिन सादगी पूर्ण ढंग से मनाया गया। उन्होंने कहा युवाओं के प्रेरणा श्रोत राहुल गांधी की सोंच, देश के प्रति उनका समर्पण, जनता के प्रति प्रेम और कॉंग्रेस पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणाश्रोत है।

विधायक इन्द्र साव ने कहा राहुल गांधी आज जिस परिस्थिति में कॉंग्रेस का नेतृत्व कर रहे है वह कोई फौलादी जिगर वाला ही कर सकता है जिसके लिए पुरी मीडिया,एक पी एम, दो सौ केंद्रीय और राज्यो के मंत्री, अठारह मुख्यमंत्री, आर एस एस, ईडी, आईडी, सीबी आई सब पीछे पड़े है फिर भी डटे हुए है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की दूरगामी सोच का परिणाम है कि केंद्र सरकार जातिगत जनगणना कराने जा रही है। इस दौरान कांग्रेस भवन में संविधान न्याययात्रा, शिक्षको का युक्तियुक्त करण, समाजिक न्याय संवाद सहित अन्य स्थानीय मुद्दो को लेकर आगामी रणनीति पर भी चर्चा करते हुए उपस्थित कांग्रेस जनों ने राहुल गांधी के स्वस्थ दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की गई।





*इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अरुण यादव सतीश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा,सुनील माहेश्वरी, आलोक मिश्रा,सुधेराम वर्मा, सुरेन्द्र यदु, अभिनव यदु, गौरी भृगु, दिवाकर मिश्रा, शेखर चक्रधारी, अजय ठाकुर, मुकेश साहू, नितिन शुक्ला, वैभव केशरवानी, मनमोहन कुर्रे, प्रमीला साहू, पूर्णिमा श्रीवास, दानी भाट, निर्मला कोशले, सतरूपा वर्मा,कुमारी जांगड़े, कृष्णा टंडन, मुंगेशिया, नवीन बक्श,आशीष वर्मा, धनंजय कुमार कुर्रे, मनमोहन ध्रुव, धनेश्वर गुड्डा, राजेन्द्र वर्मा, मोहन निषाद, चैनदास सतनामी, शेषनारायण यदु, हरीश लहरे, ओमप्रकाश यदु, पप्पू यदु, किरत वर्मा, हंसराज बसंत, शचिंद्र शर्मा, सिमगा क्षेत्र से दिनेश साहू, हीरा लाल साहू, अय्यूब बांठिया, गिरिराज चावड़ा सहित सैकड़ो कॉंग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।*

# आखिर कनाडा-भारत के बीच सुधरते रिश्ते के वैश्विक मायने क्या हैं ?



उल्लेखनीय है कि भारत लंबे समय से कनाडा पर खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर नरम रवैया अपनाने का आरोप लगाता रहा है। लेकिन अब कनाडा सरकार की इस आधिकारिक रिपोर्ट ने भारत की शिकायत को सही ठहराया है। कनाडा-भारत के बीच सुधरते रिश्ते दोनों देशों के लिए परस्पर लाभदायी हो सकते हैं, क्योंकि दोनों देश अमेरिका जैसे अंतरराष्ट्रीय महाशक्ति के निशाने पर हैं। एक ओर जहां कनाडा को अमेरिका अपने राज्य में मिलाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर भारत को अमेरिका विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नीचा दिखाना चाहता है, ताकि उसकी वैश्विक दादागिरी बरकरार रहे। चूंकि भारत और कनाडा के रिश्तों में एक नया मोड़ आ गया है और लगभग दो साल की तनातनी के बाद, कनाडा ने एक बड़ा खुलासा किया है। कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने स्वीकार किया है कि कनाडा में बैठे खालिस्तानी चरमपंथी (आतंकवादी) भारत के खिलाफ हिंसा, प्रचार और फंड इकट्ठा करने के लिए उसकी धरती का इस्तेमाल कर रहे हैं। खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि खालिस्तानी चरमपंथी (अलगाववादी) कनाडा से भारत के खिलाफ गतिविधियां चला रहे हैं। साल 1980 के दशक से ही कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथियों ने हिंसक तरीके से पंजाब में एक स्वतंत्र सिख राज्य बनाने के लिए अभियान चलाया है। इस रिपोर्ट में 1985 के एयर इंडिया बम धमाके का भी जिक्र है। जिससे भारत के उस दावे को बल मिला है, जिसमें वह कहता रहा है कि कनाडा आतंकवादियों को पनाह दे रहा है। CSIS ने यह खुलासा किया कि पाकिस्तान, कनाडा में भारत के प्रभाव को कम करने की कोशिश कर रहा है। यह भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत है। इससे यह साफ होता है कि भारत के विरोधी देश, दूसरे देशों की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। दरअसल, यह बात तब सामने आई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की गत दिनों कनाडा में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई और आपसी द्विपक्षीय रिश्तों को पुनः पटरी पर लाने के लिए बहुत ही सकारात्मक माहौल में बात हुई। इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी ने मोदी के साथ मुलाकात को आधारभूत बताया था। इसका मतलब है कि दोनों देश पिछली बातों को भूलकर आगे बढ़ना चाहते हैं। हालांकि, भारत पिछली बातों को भूलने वाला नहीं है। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच में कई रणनीतिक करार भी किये गए हैं, ताकि आपसी भरोसा और कारोबार दोनों बढ़े। इस हेतु राजदूतों की भी नियुक्ति कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि भारत लंबे समय से कनाडा पर खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर नरम रवैया अपनाने का आरोप लगाता रहा है। लेकिन अब कनाडा सरकार की इस आधिकारिक रिपोर्ट ने भारत की शिकायत को सही ठहराया है। बहरहाल, सीएसआईएस ने भी यह मान लिया है कि पाकिस्तान, कनाडा की धरती से भारत के खिलाफ जारी गतिविधियों को बढ़ावा देने में लगा हुआ है। बता दें कि पीएम मोदी की कनाडा यात्रा के दौरान खालिस्तानी समूहों ने उनको लेकर धमकियां देने तक की हिमाकत की थी। ऐसे में सीधा सवाल उठता है कि क्या बिना कनाडा में उनसे सहानुभूति रखने वालों के शह और पाकिस्तान की बैकिंग के वह इतनी हिम्मत कभी जुटा पाते? इसलिए पूरक प्रश्न यही है कि जब कनाडा ने मान लिया कि पाकिस्तान-खालिस्तानियों की जुगलबंदी से उसकी धरती से भारत के खिलाफ हिंसक साजिशों को अंजाम दिया जा रहा है तो फिर उससे भारत क्या उम्मीदें कर सकता है? यही न कि कनाडा आतंकवादियों को भारत के हवाले करे, खालिस्तानी नेटवर्क को पूरी तरह से खत्म करे और अलगाववाद को आतंकवाद माने। वहीं, इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि, भारतीय अधिकारी जिनमें उनके कनाडा स्थित प्रॉक्सी एजेंट भी शामिल हैं, वे कई तरह की गतिविधियों में शामिल हैं। उनका उद्देश्य कनाडाई समुदायों और राजनेताओं को प्रभावित करना है। इसमें दावा किया गया है कि जब ये गतिविधियां भ्रामक, गुप्त या धमकी देने वाली होती हैं, तो उन्हें विदेशी हस्तक्षेप माना जाता है। हालांकि, भारत पहले से ही कनाडाई अधिकारियों की ओर से लगाए जाने वाले इस तरह के आरोपों को खारिज करता रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कनाडा के लिए सबसे बड़ा खुफिया खतरा चीन है। रिपोर्ट में इसके अलावा पाकिस्तान, रूस और ईरान का भी नाम लिया गया है।

कमलेश पांडे

# अपन बेरा के आरो देवत संग्रहः ये कलजुग के गोठ

अजय अमृतांशु समकालीन छत्तीसगढ़ी साहित्य आकाश के कोनो अनजान तारा नोहय। समाचार-पत्र मन म समीक्षात्मक लेख अउ साहित्यिक मंच के संचालन बर उन ल छत्तीसगढ़ के साहित्य बिरादरी के लोगन जानथें पहिचानथें। उन अपन समय के नवा-जुन्ना (नवोदित अउ स्थापित) दूनो साहित्यकार मन के कृति ऊपर सम्यक रूप ले लेखनी चलाथें। उन कृति मन के पुनः प्रकाशन करथें। पुनः प्रकाशन ए सेती लिखे हँव कि सुधि साहित्य प्रेमी मन के चर्चा ले ही कोनो कृति डहर आम पाठक मन के चेत जाथे।

अजय अमृतांशु छत्तीसगढ़ी पद्य म छंदबद्ध लेखन के पक्षधर रचनाकार आवँय। छंद के बढ़िया जानकार हें। कुण्डलिया छंद उँकर पसंदीदा छंद हे। एकर प्रमाण उँकर एक मात्र प्रकाशित कृति ये कलजुग के गोठ आय, जेन म 151 कुण्डलिया संग्रहित हें। जेकर भूमिका श्री अरुण कुमार निगम जी लिखें हवँय। जेमा उन मन कुण्डलिया के शिल्प के बात के संग ओकर तब ले अब तक के इतिहास के कुछ जानबा ल सूत्र रूप म समाहित करे के सुग्घर उदिम करे हें।

ए संग्रह म अजय अमृतांशु के सामाजिक, पर्यावरणीय अउ वैज्ञानिक दृष्टि म पगाय चिंतन साफ नजर आथे। संग्रह के नाम ये कलजुग के गोठ अपन आप म एक संदेश देवत हुए उँकर गहन चिंतन अउ सूक्ष्म दृष्टि ल रेखांकित घलो करथे। लोक म एक कहावत चलथे कि हे भगवान...घोर कलजुग आगे, शायद इहें ले अमृतांशु ल समाज अउ व्यवस्था म व्याप्त विसंगति ल अभिव्यक्ति दे के प्रेरणा मिलिस। ये कलजुग के गोठ मे वर्तमान समय के विसंगति अउ लोक जीवन के सुग्घर चित्रण हावे। जीवन दर्शन, तीज-तिहार, परम्परा, मौसम, खान-पान, झिल्ली, दान-धर्म, नारी शक्ति, राजनीति अउ चुनावी एजेंडा, मोबाइल, महंगाई, घूसखोरी, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, विश्वव्यापी त्रासदी कोरोना, जल-जंगल-जमीन, आडंबर, विज्ञान, नशा, किसान अउ आम आदमी के पीरा जइसन कतको विषय वस्तु के विविधता अउ विस्तार ए संग्रह म हावय। विषय वस्तु के विस्तार ले ही अजय अमृतांशु शब्द भंडार के मामला म कतेक धनी हें, अनुमान लगाय जा सकत हे। बावजूद छत्तीसगढ़ी म उपयुक्त शब्द के रहिते, कुछ-कुछ हिंदी के शब्द मन ल बउरना, विचारणीय हे।

मौसम संबंधी उँकर कुण्डलिया मन ल पढ़ के अइसे लगथे कि उन प्रकृति अउ ऋतु परिवर्तन ऊपर अपन दृष्टि जमा के रखथें। तभे ठंडी, गरमी अउ बरसात सबो के चित्रण जीवंत हो सके हे। संग्रह म मौसम संबंधी कुण्डलिया अतेक अकन हे, कि पाठक ल कहूँ-कहूँ भाव के दुहराव जनाही।

छत्तीसगढ़ के दर्जन भर ले आगर नदिया मन ल लेके लिखे गे कुण्डलिया अनुपम हे। पाठक के मन ल भाही, उहें उँकर सामान्य ज्ञान म बढ़ोतरी करही।

लोक अध्यात्म ले एक ऊर्जा अर्जित करथे। थके-हारे जिनगी म अपन ईष्ट के ध्यान धरथे। जिनगी के भाग-दउड़ म जतका अध्यात्म के जरुरत हे, ओ अनुपात म ए संग्रह म एकर पुट पाठक ल मिलही। अमृतांशु जी खुद कबीर के अनुयायी आँय। उनकर लेखन म उँकर छाप दिखथे।

आडंबर ला छोड़ के, कर लव प्रभु के ध्यान।
हिरदे ले आवाज दव, मिल जाही भगवान।।

लेखन के शुरुआती दौर ले अमृतांशु हास्य-व्यंग्य के कवि के रूप म कवि सम्मेलन म भाग लेवँय। एकर प्रभाव उनकर कुण्डलिया म घलव दिखथे। कहूँ-कहूँ मेर लोक म प्रचलित शब्द मन के प्रयोग बड़ सुग्घर हे। समासिक अउ युगल शब्द मन के बीच योजक चिह्न के कमी घलव खलत हे।


भूमिका म कुण्डलिया के बताय गे शिल्प म जम्मो कुण्डलिया सोला आना खरा उतरथे। छंद-बद्ध रचना म जेन तुकांत, यति, गति अउ लय/प्रवाह होना चाही, वो सब पाठक ल ए संग्रह म मिलही।

चूंकि एक कुण्डलिया, एक दोहा अउ एक रोला ले मिल के पूरा होथे। एमा एक शर्त यहू हे कि दोहा अउ रोला दूनो मिला के एक भाव ल पूरा-पूरा समोखय, स्पष्ट करय। शिल्प अउ भाव दूनो ल साधना मुश्किल तो हे, फेर नामुमकिन नइ हे। देखे जाथे कि दोहा के चौथा चरण रोला के पहला चरण बनाय के बाद रोला के संग समरस भाव ले जोड़ पाना कठिन होथे। अमृतांशु जी के ये संग्रह म कोनो-कोनो जघा तीसर अउ चौथा डाँड़ के बीच भाव के दृष्टि ले जुड़ाव मोला कमजोर /कमसल नजर आइस। उहें कुछ जघा वचन संबंधी चूक हे, जउन प्रुफ रीडिंग के चूक हो सकत हे।

झिल्ली कभू सरय नहीं, फेंकव झन मैदान।

लोक हित म उनकर अइसन कई पंक्ति हें, जेन अमृतांशु ल सामाजिक सरोकार अउ पर्यावरण हित के पक्ष म खड़े कवि साबित करथें।

एक रचनाकार हमेशा सृजनात्मकता के पक्षधर होथे।




उनकर भीतर विश्व कल्याण के भाव होथे। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः के भाव ले लिखथे। आज जब पूरा विश्व बारुद के ढेर म खड़े नजर आथे, अइसे म अजय अमृतांशु भला अपन दायित्व ल निभाय म कइसे अछूता रही। उन ये कुण्डलिया लिखके अपन जिम्मेदारी ल पूरा करे हें -

एटम बम मा बइठ के, अड़बड़ हव इतरात।
पल भर मा मेटा जहू, का हावय औकात।।
का हावय औकात, प्रलय हा कब हो जाही।
मनखे ला दे छोड़, धरा तक नइ बच पाही।।
हो जाहू सब खाक, गरजथव काकर दम मा।
जादा झन इतराव, बइठ के एटम बम मा।।

अजय अमृतांशु के ये संग्रह अपन बेरा के आरो देवत अपन शीर्षक ये कलजुग के गोठ ल सार्थक करथे। कव्हरपेज शीर्षक के मूल भाव के प्रतिनिधित्व करत हुए आकर्षक हे। भीतरी पन्ना के छपाई अउ क्वालिटी बढ़िया हे। पाठक बर संग्रह के कुण्डलिया मन के भाव ल रखे के मोर कोशिश भर आय। या कहन कि रचनाकार अउ पाठक के बीच के पुल (सेतु) आँव। दू-चार ठन कुण्डलिया ल छांट-निमार के परोसई ह, आने कुण्डलिया मन ल कमतर अँकई हो जही। भेद करई होही। बेहतर होही पाठक किताब बिसा के कुण्डलिया मन ल पढ़ँय अउ आनंद लेवँय।

सुग्घर संग्रह के प्रकाशन बर अजय अमृतांशु जी ल बधाई अउ शुभ कामना पठोवत हँव।

संग्रहः ये कलजुग के गोठ
रचनाकारः अजय अमृतांशु
प्रकाशकः सर्वप्रिय प्रकाशन दिल्ली-रायपुर
प्रकाशन वर्षः 2025
पृष्ठ संख्याः 86मूल्यः 200/-
सर्वाधिकारः लेखकाधीन

**पोखन लाल जायसवाल**
**पलारी ( पठारीडीह )**
**जिला- बलौदाबाजार**
**भाटापारा छग.**

# कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा में 'प्राकृतिक खेती' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के तत्वावधान में प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बलौदाबाजार जिले के विभिन्न ग्रामों से आए 100 से अधिक किसानों ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती की विविध तकनीकों और उसकी उपयोगिता को समझा। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ किया गया। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रासायनिक खेती के बढ़ते दुष्प्रभावों के बीच प्राकृतिक खेती एक सशक्त विकल्प बनकर उभरी है, जो न केवल उत्पादन लागत को घटाती है, बल्कि पर्यावरण संतुलन एवं मृदा स्वास्थ्य को बनाए रखने में भी सहायक है। डॉ. प्रदीप कुमार कश्यप, मृदा विज्ञान विशेषज्ञ ने अपने तकनीकी सत्र में बताया कि किस प्रकार प्राकृतिक खेती में मृदा की जैविक उर्वरता को बनाए रखने के लिए जीवामृत, बीजामृत, वर्मीकम्पोस्ट आदि जैविक घटकों का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली न केवल भूमि को पुनर्जीवित करती है, बल्कि खेती को दीर्घकालिक रूप से लाभकारी बनाती है। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित श्री एन. के. भारद्वाज, सहायक संचालक कृषि, बलौदाबाजार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए शासन स्तर पर चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा ज़िला स्तर पर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन के साथ-साथ यंत्रों पर अनुदान और प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। डॉ. पी. डी. वर्मा, विषय विशेषज्ञ (फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग) ने प्रशिक्षण में बताया कि प्राकृतिक खेती के अंतर्गत किस प्रकार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध यंत्रों का उपयोग कर श्रम और समय की बचत की जा सकती है। उन्होंने बैलगाड़ी चालित सीड ड्रिल, जीरो टिल सीड ड्रिल की मशीन, हल्के व श्रम बचाने वाले उपकरणों के प्रदर्शन के साथ उपयोग की विधियां समझाईं। उन्होंने यह भी बताया कि यंत्रों की उपयोगिता केवल सुविधा के लिए नहीं, बल्कि उत्पादन की प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक और कुशल बनाने के लिए भी आवश्यक है।



डॉ. सविता राजपूत, बागवानी विषय विशेषज्ञ ने प्राकृतिक खेती को बागवानी फसलों में कैसे अपनाया जाए, इस पर गहन जानकारी दी। उन्होंने स्थानीय फलों एवं सब्जियों जैसे टमाटर, भिंडी, मिर्च, पपीता, अमरूद में प्राकृतिक विधियों से अधिक गुणवत्ता युक्त उत्पादन प्राप्त करने की विधियों पर प्रकाश डाला। डॉ. सागर आनंद पांडे, पीए (कीटविज्ञान) ने कीट नियंत्रण हेतु घरेलू तथा जैविक विकल्पों की चर्चा की, जैसे नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, वाष्पशील पदार्थों वाले पौधों के अर्क एवं ट्रैप तकनीक। उन्होंने बताया कि इन तकनीकों से कीट नियंत्रण संभव है और किसानों को महंगे रसायनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को जैविक उत्पादों की तैयारी (जैसे जीवामृत, बीजामृत, मटका खाद) की स्थल पर जीवंत प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही, किसानों को समूह चर्चाओं, प्रदर्शन, प्रश्नोत्तर और सुझाव देने के अवसर भी प्रदान किए गए। किसानों ने प्रशिक्षण के अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह आयोजन अत्यंत उपयोगी एवं व्यवहारिक था। कुछ किसानों ने बताया कि वे पहले से ही अपने खेतों में जैविक तरीकों का प्रयोग कर रहे हैं और अब प्राकृतिक खेती को और विस्तार देंगे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रदीप कश्यप एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती स्वाति मिर्झा, विषय विशेषज्ञ (एग्रोनॉमी) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी कर्मचारी, प्रगतिशील कृषक एवं कृषि सखी उपस्थित थे।

# भिलाई में बदमाशों ने लेखापाल अधिकारी को लूटा

## खुद को क्राइम ब्रांच का अफसर बताया, मोबाइल चोरी के आरोप में फंसाने की धमकी दी

ब्यूरोचीफ रतन कुमार



**दुर्ग।** भिलाई के एक गुंडा बदमाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर लेखापाल अधिकारी को मोबाइल चोरी के आरोप में फंसाने की धमकी देकर पैसे वसूल लिए। पीड़ित की शिकायत के बाद आरोपियों को दुर्ग पुलिस ने धर दबोचा है। आरोपियों ने अधिकारी को क्राइम ब्रांच की धौंस दिखाई थी।

भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि नेहरू नगर ईस्ट सुपेला निवासी पीड़ित दुर्गा प्रसाद नायक (38) ने 27 जून को स्मृति नगर चौकी में दर्ज कराई थी। आरोपी वेदान्त चौरसिया ने फोन खुद को भिलाई क्राइम ब्रांच से बता कर अपने अन्य साथी किशोर कुमार उर्फ रॉकी एमबीबीएस से बात कराई।

### खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया

फोन पर बात करते हुए पीड़ित को डराया कि मोबाइल चोरी के केस में आपका भी नाम आ रहा है। इसके लिए इमली तालाब के पास आ कर मिलो। डरे सहमे मिलने पहुंचा पीड़ित दुर्गा प्रसाद नायक ने शिकायत में बताया कि जब वह तालाब के पास पहुंचा तो मोटरसाइकिल में आया आरोपी भूपेंद्र सोनी ने अपने आपको परिचय क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। उसने उसके साथ मारपीट की जिससे वह डर गया। आरोपी के साथ आए अमन और रॉकी ने मामला रफा-दफा कर निपटने के लिए 24 हजार रुपए की मांग की ।

गंभीर प्रकरण को देखते हुए फर्जी क्राइम ब्रांच अधिकारियों के बारे में जांच पड़ताल शुरू की गई। जांच के दौरान स्मृति नगर चौकी में लगे गुंडा बदमाश के फोटो युक्त फ्लेक्स को देखकर दुर्गा प्रसाद ने कथित क्राइम ब्रांच अधिकारी भूपेंद्र सोनी की पहचान कर ली गई।

### पुलिस ने आरोपी को सुपेला से पकड़ा

पुलिस की टीम ने आरोपी भूपेन्द्र सोनी के बजरंग पारा सुपेला स्थित निवास में दबिश देकर मौके पर धर दबोचा। पूछताछ में उन्होंने षड्यंत्र का खुलासा करते हुए पुलिस को बताया कि अपने साथियों के साथ मिलकर लेखापाल अधिकारी दुर्गा प्रसाद नायक से 25 हजार की मांग की थी।

अधिकारी के पास नकद पैसे नहीं होने पर अपने सहयोगी वेदांत चौरसिया के साथ भेज कर चॉइस सेंटर से 24 हजार रुपए निकले और सभी ने आपस में बांट लिया था।

आरोपियों से 3 मोबाइल, 30 हजार नकद और 1 बाइक जब्त किया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। आरोपी भूपेन्द्र सोनी के खिलाफ पूर्व में स्मृतिनगर चौकी में 5 प्रकरण एवं थाना जामुल में एक प्रकरण दर्ज है।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम -

*1- भूपेन्द्र सोनी, उम्र 41 साल, निवासी बजरंग पारा कोहका*

*2 - वेदान्त चौरसिया, उम्र 25 साल, हाउसिंग बोर्ड कोहका*

*3- शोहेब खान उर्फ अमन, उम्र 28 साल, आर्य नगर कोहका*

# ऑनलाइन सट्टा मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

## न्यूज पोर्टल के बहाने चला रहा था ऑनलाइन सट्टा, म्यूल खातों से करोड़ों के ट्रांजैक्शन,संपति कुर्की की तैयारी

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने फरार आरोपी गोविंद चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ऑनलाइन गेमिंग एप और सट्टा का अवैध संचालन करता था। आरोप है कि उसने म्यूल खातों के जरिए करोड़ों रुपए का लेनदेन किया। पुलिस अब उनके अवैध संपत्ति की कुर्की की तैयारी कर रही है।




26 सितंबर 2024 को धीरज महतो ने सुपेला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी गोविंद चौहान और रविकांत मिश्रा ने सरकारी योजनाओं से जुड़े पैसों के ट्रांजैक्शन के लिए बैंक खाते खोलने का लालच देकर धीरज महतो और मुकेश तांडी के नाम से आईडीएफसी बैंक में खाते खुलवाए। इन खातों से आरोपी मोबाइल नंबर लिंक कर ऑनलाइन सट्टा का संचालन कर रहे थे। इस मामले में पहले रविकांत मिश्रा को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब दुर्ग पुलिस ने म्यूल खातों का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी करने के आरोप में गोविंद चौहान को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही उसके अवैध कमाई से खरीदी गई कार भी जब्त कर ली गई है।

पुलिस की जांच में पता चला कि ये दोनों आरोपी न्यूज वेब पोर्टल के बहाने ऑनलाइन सट्टा एप का संचालन करते थे। इनके खिलाफ कई अन्य बैंक खातों में करोड़ों रुपए के लेनदेन के सबूत भी मिले हैं।

अब दुर्ग पुलिस इनके खिलाफ अवैध संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई कर रही है ताकि इस घोटाले को पूरी तरह उजागर किया जा सके।

### पूर्व कृषि मंत्री बोले- मोदी की गारंटी में किसान परेशान

# पूछा-डीएपी सोसायटी में क्यों नहीं मिल रही,सांसद बघेल ने कहा-हमें आईना न दिखाएं, खुद झांकें

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

दुर्ग। के राजीव भवन में कांग्रेस की बैठक में छत्तीसगढ़ के पूर्व कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की खूब चर्चा हो रही है, लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी किसान ही झेल रहा है। भाजपा सरकार में भी किसानों की स्थिति जस की तस बनी हुई है।



पूर्व मंत्री चौबे ने यह बयान आगामी 7 जुलाई को रायपुर में आयोजित होने वाले 'संविधान बचाओ रैली' कार्यक्रम की तैयारियों के सिलसिले में आयोजित बैठक के दौरान दिया।

चौबे ने सवाल उठाया कि किसानों को सहकारी समितियों में डीएपी खाद क्यों नहीं मिल रही है, और व्यापारी इसे अधिक दामों में क्यों बेच रहे हैं? उन्होंने कहा कि कई किसान बिना खाद के ही धान की बुवाई करने को मजबूर हैं, और गर्मी की फसल में उपजा धान भी मात्र 1400 रुपए में नहीं बिक रहा। चौबे ने सरकार की कृषि नीति को पूरी तरह किसान विरोधी बताते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं में किसान हैं ही नहीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में नकली खाद का बाजार फैल गया है और जो खाद राजस्थान से आ रहा है उसमें संगमरमर के बुरादे जैसी मिलावट की जा रही है, जिससे किसानों को कोई लाभ नहीं हो रहा।



### सांसद विजय बघेल ने किया पलटवार

पूर्व मंत्री के इन आरोपों पर दुर्ग के भाजपा सांसद विजय बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि वे अपने कार्यकाल को याद करें, जब यूरिया में भारी भ्रष्टाचार होता था। बघेल ने बताया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में नीम कोटेड यूरिया लाया गया, जिससे खाद की कालाबाजारी पर रोक लगी और अब पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगभग 80% सब्सिडी देकर किसानों को खाद उपलब्ध करा रही है।

सांसद बघेल ने आगे कहा कि किसानों के हित में भाजपा सरकार ने 0% ब्याज दर पर ऋण योजना शुरू की थी और वर्तमान में राज्य सरकार किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल दे रही है, साथ ही प्रति किसान 21 क्विंटल तक धान की खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को अनेक योजनाओं और सुविधाओं के माध्यम से लाभ पहुंचा रही है। चौबे के आरोपों पर कटाक्ष करते हुए बघेल ने कहा, हमें आईना न दिखाएं, पहले खुद आईने में अपना चेहरा देखें।

# निरीक्षण टीम ने 2 कृषि केंद्रों को किया नोटिस जारी



**बलौदाबाजार/** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के गुणवत्ता नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कृषि आदान विक्रय करने वाले कृषि केंद्रों की कड़ी निगरानी की जा रही है। जिले में पदस्थ निरीक्षक एक-एक कृषि केंद्रों का गहन जांच कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को निरीक्षण टीम द्वारा कमी पाए जाने पर 2 कृषि सेवा केंद्रों को नोटिस जारी किया गया।

विकासखंड बलौदा बाजार के निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा अशोक कृषि केंद्र एवं साहू कृषि सेवा केंद्र धाराशिव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में संधारित कीटनाशक स्कंध एवं उसका मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं किया गया था तथा कृषकों को निर्धारित प्रारूप में बिल भी नहीं दिया जा रहा था।इस कारण दोनों कृषि केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विकासखंड भाटापारा के निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा जैन लोहा बाडा, भाटापारा एवं प्राथमिक कृषि साख सरकारी समिति गुर्रा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी तरह विकासखंड पलारी के निरीक्षक सुचिन वर्मा द्वारा ससहा कृषि केंद्र पलारी का निरीक्षण किया गया तथा शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए कृषि केंद्र का संचालन करने हेतु निर्देश दिए गए। उपसंचालक कृषि दीपक नायक ने बताया कि जिले में संचालित समस्त कृषि आदान विक्रय केंद्रों को निर्देशित किया गया है कि कृषकों को विक्रय किए गए सामग्रियों का पक्के में बिल अवश्य प्रदान करें तथा किसानों का हस्ताक्षर कराकर एक प्रति विक्रय केंद्र में संधारित किया जाए।

# दुर्ग में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 41 लाख ठगे

## आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार; कई राज्यों में मोस्ट-वांटेड था

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लगभग 41 लाख 53 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी साहिल सिंगला को हरियाणा के करनाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुद को ट्रेडिंग एजेंट बताकर पीड़ित से शेयर बाजार में निवेश कर प्रॉफिट कमाने का झांसा दिया था।

सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के बताया कि 27 मई 2025 को विद्युत नगर पद्मनापुर निवासी मयंकपुरी गोस्वामी ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 16 से 21 मई के बीच एक अनजान शख्स ने शेयर




मार्केट में रकम लगाकर लाभ कमाने का लालच दिया। उसने ट्रेडिंग वेबसाइट से जुड़ने के लिए लिंक भेजा था।

### कुल 41 लाख 52 हजार ठग लिए

मयंक पुरी गोस्वामी ने बताया कि ठगों के झांसे में आकर उन्होंने लगातार 2 लाख और 3 लाख की रकम दुर्गा इंटरप्राइजेस के खाता ट्रांसफर कर किया। यह रकम अपने आईसीआईसीआई बैंक के खाते से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के खाते में ट्रांसफर किया था। 20 मई को उन्होंने फिर से इसी बैंक खाता में आरटीजीएस के माध्यम से उन्होंने 15 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। इस तरह आरोपी साहिल सिंगला ने कुल 41 लाख 52 हजार ठग लिए । जांच में पता चला कि दुर्गा इंटरप्राइजेस का खाता साहिल सिंगला, निवासी मेन बाजार करनाल (हरियाणा) के नाम पर था। आरोपी ने गुमराह करने के लिए फर्जी नाम का बोर्ड लगा रखा था जबकि मौके पर कोई दुकान अस्तित्व में नहीं थी।

### आरोपी को हरियाणा से किया गिरफ्तार

*बैंक खातों की जांच में पीड़ित द्वारा भेजे गए कुल 20 लाख रुपए की पुष्टि हुई। विशेष टीम को करनाल भेजा गया, जहां आरोपी को घेराबंदी कर ट्रांजिट रिमांड पर दुर्ग लाया गया।*

*पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में 12 साइबर फ्रॉड केस दर्ज हैं। फिलहाल उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश व इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य संकलन में जुटी हुई है।*

# ज्ञान देने वाले का नाम गुरु है, संसार में रहना है तो कमल के पत्ते की तरह रहना चाहिए श्री मज़्ज़योतिर्मयानंदः सरस्वती जी

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया

थानखमरिया। श्रीमद् भागवत कथा में पधारे श्रद्धेय दंडी स्वामी का चरण पादुका का पूजन किया गया। शाल, श्रीफल देकर समिति के सदस्यों के द्वारा सम्मान किया गया।बाल व्यास कथा वाचक अक्षय नारायण दुबे जी ने महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किए।



श्री मज़्ज़योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज (सलधा)ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए, गुरु की महिमा का वर्णन किया। आपने बताया अद्भुत दत्तात्रेय ने अपने 24 गुरुओं को मान्य किया। क्योंकि उन्हें उन सभी से कुछ विशेष ज्ञान प्राप्त हुआ था। इन गुरुओं में पृथ्वी, वायु, जल, यज्ञ, अग्नि, सूर्य, मधुमक्खी, अजगर, समुद्र, हिरन आदि शामिल थे। दत्रता ने इनके क्रमोचित गुणों का ध्यान से परीक्षण किया। तथा जीवन में उतारने योग्य पाया। आगे दंडी स्वामी ने कहा, गुरु बनाने का उद्देश्य जीवन के प्रगति पथ पर अग्रसर करने वाला प्रकाश प्राप्त करता है। व्यवहार ही धर्म है। आगे आपने कहा, जिस किसी से भी जितना सीखने को मिले हमें अवश्य सीखना चाहिए। पृथ्वी से हम सहनशीलता व परोपकार की भावना सीख सकते हैं। कई लोग पृथ्वी पर कई तरह के आघात करते हैं। उत्पात एवं खनन का काम करते हैं। लेकिन पृथ्वी माता हर आयाम को परोपकार की भावना से सहन करती है। असली सुख पैसों में नहीं बल्कि परमात्मा के ध्यान में है। तब कहीं सुख की नींद आती है। आगे महाराज जी ने बताया, जैसे समुद्र के पानी की लहर निरंतर गतिशील रहती है। वैसे ही जीवन में उतार चढ़ा में हमें भी खुश और गतिशील रहना चाहिए। आगे आपने कहा, व्यक्ति अपने कर्मों का फल भोगत है। आत्मा अजर, अमर है। ज्ञान देने वाले का नाम गुरु संसार में रहना है। तो कमल के पत्ते की तरह रहना चाहिए। कथा के अंतिम में श्रद्धालुओं के द्वारा विश्व का ऐतिहासिक मंदिर छत्तीसगढ़ में सपाद लक्षश्वर धाम सलधा में सवा लाख शिवलिंग जो निर्माण हो रहा है उसमें भी अनेक श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया।इस मौके पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, राजेश ठाकुर, महेंद्र सिंह विरदी, मानस संघ ब्लॉक अध्यक्ष भरत साहू, अनिल सिंघानिया, घसिया निषाद, गणेशु साहू, हरिश्चंद साहू, विसहद निषाद, रामस्नेही नामदेव, मनोज सिन्हा, सोमनाथ सिन्हा, चंद्रशेखर राजपूत, पप्पू मित्तल, बी. आर. भूआर्य शिक्षक, सनत राजपूत शिक्षक, मां दंतेश्वरी मानस महिला मंडली से गोदावरी मिश्रा, अन्नपूर्णा वैष्णव, मीना नामदेव सैकड़ो महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।



भाटापारा में सडक पर खुले आम सांड लडाई

# भयभीत खेतों में बोआई के बाद सैकडों की तादाद में आवारा पशुओं का शहर की सड़कों पर जमावड़ा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर के प्रमुख चौक चौराहे व मुख्य मार्ग पर इन दिनो आवारा मवेशियो का जमावडा होने से यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है शहर से लगे आसपास के तमाम गांव कें खेतो मे धान बुवाई हो जाने के बाद ग्रामीण क्षेत्रो के मवेशी बडी तादाद में शहर के सरहद को पार कर नगर के विभिन्न चौक चौराहे गली मुहल्ले व मुख्य मार्ग पर बैठने लगे जिससे जगह जगह आवारा मवेशियो का जमावडा होने लगा है मवेशियो के जमावडे से एक ओर जहा लोग आवाजाही मे परेशान हो रहे है वही दूसरी ओर तेज रफ तार से आने जाने वाले तमाम दुपहिया व चौपहिया वाहन अपना नियंत्रण खोते हुए सीधे सडक पर बैठे आवारा मवेशियो से टकरा रहे है विगत दिनो बस स्टैड चौक पर एक तेज रफ तार ट्रक की ठोकर से एक भैस बुरी तरह घायल हो गया इसी तरह विश्राम गृह से लेकर तरेगा नाका तक जाने वाली मुख्य सडक पर ही अनेक दुपहिया वाहन सवार सडक पर बैठे आवारा पशुओ से टकरा कर चोटिल हो चुके है विगत दिनो ही बस स्टेड चौक से मावली माता मदिर सिंगारपुर देवी दर्शन को जा रही एक युवती सडक पर बैठे मवेशी से टकरा कर बुरी तरह घायल हो गई जिसका उपचार एक निजी अस्पताल मे जारी है इस प्रकार शहर के प्रायः सभी हिस्सो मे सैकडो आवारा मवेशियो के स्वच्छंद विचरण से लोग हलाकान है और आये दिन सडक दुर्घटना नगर में अब आम बात बन गई है सदर बाजार हटरी बाजार सुभाष बाजार अस्पताल चौक स्टेशन चौक रेल्वे अंडरबिज हटरी बाजार रेल्वे अडरब्रिज टेहका रोड मंडी रोड साहित तमाम अन्य मार्गो पर खुलेआम गाय बैल भैस भैसा बछडा बछिया व सांड के आतंक से लोग दहशत मे है क्योकि कभी भी किसी भी वक्त सडक व चौक चौराहे पर सांड लडाई शुरू हो जाने से लोगो को चोटिल होना पड रहा है वही अनेक दुकान दारो के दुकान के सामान व बोर्ड तथा दुकान के बाहर खडे दुपहिया वाहन व सायकल सांड लडाई में क्षति ग्रस्त हो रहे है जनहित में नगर पालिका प्रशासन व पुलिस प्रशासन सयुक्त रूप से समूचे शहर में मवेशी ध र पकड अभियान शीघ्र प्रारंभ करे ताकि लोग सुरक्षित रूप से सडको पर आवा जाही कर सके खासकर छोटे छोटे स्कूली छात्र छात्राओ को अब आवारा मवेशियो व खुले आम सडक पर लड रहे सांड से बचान`की जरूरत है इस दिशा में गंभीरता से प्रशासन कार्यवाही शुरू करे खासकर नगर पालिका प्रशासन के पास काउ केचर ट्राली है उसका उपयोग करते हुए तमाम मवेशियो को पकडकर दुरस्थ जगलो में छोडने के लिए ठोस पहल किये जाने की जरूरत है ।

# तलरेजा ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल से रेल समस्या निदान की मांग की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** मातादेवाला वार्ड के निर्वाचित भाजपा पार्षद व स्वास्थ्य विभाग के सभापति सतीश तलरेजा ने क्षेत्रीय सासंद बृजमोहन अग्रवाल को पत्र लिखकर रेल समस्या का निराकरण कराने की मांग की है तलरेजा ने कहा है कि ट्रेन क्रमांक 12771 /12772 रायपुर सिंकदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन को भाटापारा होते हुए बिलासपुर तक बढाने के लिए प्रयास करने की मांग की है इसी तरह इंदौर बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस टाटा बिलासपुर चिरमिरी बिलासपुर रीवा बिलासपुर ट्रेनो का परिचालन दुर्ग तक विस्तारित करते हुए जनहित में उपरोक्त सभी ट्रेनो को बिलासपुर के बजाय दुर्ग तक चलाने की मांग की है तलरेजा ने यह भी कहा है कि पिछले दो साल से बिना किसी कारण के ट्रेन क्रंमांक 68745/68746 गेवरा रोड रायपुर लोकल ट्रेन को बंद कर दिया गया है उसको अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाये इसी तरह कोरोना काल के पूर्व से चल रही रायपुर रायगढ फास्ट मेंमू लोकल ट्रेन को पुन अतिशीघ्र प्रारंळ किया जाये साथ ही बिलासपुर से डोंगरगढ के बीच फास्ट लोकल ट्रेन चलायी जाये वर्तमान में छत्तीसगढ राज्य मे एक भी फास्ट लोकल ट्रेन नही चल रही है तलरेजा ने आगे कहा है कि बिलासपुर जोन से चल रही सभी मेमू लोकल ट्रेनो में यात्री डिब्बो की संख्या 8 से बढाकर 12 किया जाये इसी तरह ट्रेन क्रंमांक 12105/12106 मुंबई गोदिया विदर्भ एक्सप्रेस को बिलासपुर तक बढाने की मांग पूर्ण करने की गुहार लगाई है इसके आलावा बिलासपुर दुर्ग रायगढ कोरबा तथा रायपुर से चलने वाली सभी एल एच बी कोच वाली ट्रेनो मे अभी तक सभी ट्रेनो मे आगे पीछे दो दो जनरल यात्री डिब्बे नही लगाये गये है जबकि दिसंबर माह के 2024 तक दो दो जनरल डिब्बो लगाये जाने की जानकारी रेल्वे सूत्रो ने सार्वजनिक रूप से दी थी इसी तरह सतीश तलरेजा ने दुर्ग रेल्वे स्टेशन से रायपुर भाटापारा बिलासपुर झारसुगुडा होते हुए टाटानगर के रास्ते गुवाहाटी कामाख्या तक सीधी ट्रेन सुविधा प्रारंभ करने की मांग की है इसी प्रकार दुर्ग रेल्वे जक्शन से रायपुर भाटापारा उसलापुर कटनी कोटा होते हुए राजस्थान के उदयपुर के लिए सीधी ट्रेन सुविधा प्रारंभ करने की मांग की है सतीश तलरेजा ने भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे बिलासपुर नागपुर वंदेभारत एक्सप्रेस बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस समरसता एक्सप्रेस ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस भुनेश्वर कुरला एक्सप्रेस तथा हावडा शिर्डी एक्सप्रेस एवं गीताजली एक्सप्रेंस का स्टापेज शीघ्र स्वीकृत कराने की मांग की है

## नेशनल जूनियर एवं सब जूनियर टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

*छत्तीसगढ़ बालिका सब जूनियर की टीम ने जीता सिल्वर मेडल*



**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय में खेल मैदान में तीन दिवसीय नेशनल जूनियर एवं सब जूनियर बालक बालिका टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुआ इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम के साथ - साथ 10 राज्य के लगभग 200 खिलाड़ी कोच मैनेजर फेडरेशन के टेक्निकल ऑफिसियल अंपायर ने भाग लिया । प्रतियोगिता का उद्घाटन शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया तीन दिवसीय नेशनल चैंपियनशिप में सभी खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया साथ ही मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम का भी बहुत शानदार प्रदर्शन रहा और सब जूनियर बालिका टीम ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया । समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण राम रूप दास महात्यागी मदकूद्वीप आश्रम के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। जूनियर वर्ग बालक में प्रथम दिल्ली द्वितीय तेलंगाना, तृतीय महाराष्ट्र बालिका वर्ग में प्रथम कर्नाटक द्वितीय गुजरात तृतीय दिल्ली, मिक्स डबल में प्रथम दिल्ली, द्वितीय महाराष्ट्र तृतीय कर्नाटक सब जूनियर बालक में प्रथम महाराष्ट्र द्वितीय गुजरात तृतीय कर्नाटक बालिका में प्रथम गुजरात, द्वितीय छत्तीसगढ़, तृतीय कर्नाटक मिक्स डबल में प्रथम महाराष्ट्र द्वितीय केरल तृतीय दिल्ली की टीम रही सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किया गया । उक्त प्रतियोगिता में मुख्य रूप से अश्वनी शर्मा पालिका अध्यक्ष श्रेणिक गोलछा पार्षद प्रीति बंछोर बिजौरा एस एल पंसारी अरुण छाबड़ा उपस्थित थे आयोजन को सफल बनाने में गोविंद पटेल अरुण गुप्ता, ईश्वर देवदास, हिमांचल, महेश शर्मा, निर्मल जांगड़े,अविचल पाण्डेय, एडवोकेट जे के अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, महेश्वरी पंसारी, सुमन शाहा, आकाश आनन्द, मयंक, शिबू मानिकपुरी,सुजल, चित्ररेखा साहू राजकुमारी भारती, आंचल सिंगरौल के साथ साथ शरद पंसारी तथा वेकटेस वंग वाढ उपस्थित थे ।

## रिसाली के आत्मानंद उद्यान का विस्तार होगा



ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** रिसाली के सबसे व्यवस्थित आत्मानंद उद्यान का विस्तार किया जाएगा। आयुक्त मोनिका वर्मा ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने निर्देश दी है। उन्होंने सभापति केशव बंछोर और एमआईसी सदस्य सनीर साहू के साथ टाउनशिप के वार्ड-11 और 12 का निरीक्षण की।

आयुक्त मोनिका वर्मा ने वार्ड के उप-अभियंता डिगेश्वरी को निर्देश दी है कि वे वार्ड-11 स्थित आत्मानंद गार्डन को विस्तार करने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजे। आयुक्त ने कहा कि आत्मानंद गार्डन प्रदेश की पहचान है। यहां प्रदेश का एक मात्र स्केटिंग रोल ग्राउंड है। यहां पर बने बैडमिंटन कोर्ट और व्हालीबॉल कोर्ट का विस्तार करने प्रस्ताव शासन को भेजे। आयुक्त ने उद्यान का लगभग घंटे भर तक निरीक्षण की। इस दौरान स्वच्छता प्रभारी बृजेन्द्र परिहार, जलकार्य विभाग प्रभारी गोपाल सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा वार्ड-11 उतई मुख्य मार्ग के किनारे पौधरोपण किया जाएगा। आयुक्त और सभापति ने निरीक्षण किया।

**मैं कलेक्टर से नहीं डरता, अपने हिसाब से काम करता हूं शैलेश बारमाते**

# आत्मानंद स्कूल की अव्यवस्था से विद्यार्थी विद्यालय छोड़ने हो रहे मजबूर

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** स्थानीय आत्मानंद स्कूल सहित अनेक शासकीय विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है। शिक्षा सत्र की शुरूआत हो गयी है लेकिन पुस्तक सहित अन्य संसाधन नदारत है। स्कूल मैदान गंदे पानी एवं कीचड़ से लबालब है। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है यह समस्या वर्षों से यथावत बनी हुयी है। प्रशासन ऑख मूंद कर सोया हुआ है। पिछले 6 सालों में समग्र शिक्षा के तहत करोड़ों रू. स्वीकृत हुआ उसके बावजूद स्कूलों में मरम्मत कार्य अधूरा है। कई स्कूल बिल्डिंग में दरार पड़ चुकी है। एक तरफ सरकार स्वच्छता अभियान को तेज करने में लगी हुई है वहीं आत्मानंद विद्यालय, भारतमाता कन्या




उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने मवेशियों का जमघट लगा रहता है और गंदगी फैली रहती है। साफ - सफाई व्यवस्था तो छोड़ दीजिए टॉयलेट, बाथरूम का बुरा हाल है। आत्मानंद स्कूल दो शिफ्ट में संचालित होता है। दूसरे शिफ्ट में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। देशबंधु प्रतिनिधि द्वारा विद्यालय का अवलोकन किया गया तो कालखण्ड के समय सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं बैठक रूम में मोबाइल चलाते मिले। प्राचार्य मनीष चौबे अनुपस्थित मिले। कॉल करने पर उनके द्वारा कॉल रिसीव्ह नहीं किया गया है। वही शैलेश बारमते (शिक्षक) का मोबाइल बंद बताया गया स्कूल जाने पर उन्होंने कहा मैं कलेक्टर से भी नहीं डरता अपने हिसाब से काम करता हूं।

विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे का भी अंकुश नहीं है। सिर्फ खाना पूर्ति करके चले जाते हैं। सूत्रों से पता चला है कि अनेक विद्यार्थी यहाँ की अव्यवस्था को देखकर और शिक्षकों के अध्यापन कार्य में रुचि नहीं लेने के कारण मजबूरीवश अपना टी सी लेकर अन्यत्र विद्यालय में प्रवेश ले रहे हैं। पूर्व सरकार की आत्मानंद स्कूल खोलने की पीछे अच्छी सोच थी लेकिन नौकरशाहों व शिक्षकों द्वारा



ईमानदारी से काम नहीं करने के कारण योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। आत्मानंद स्कूल की स्वयं की बिल्डिंग नहीं है इसका निर्माणधीन भवन अधूरा पड़ा है। लंबे समय से काम चल रहा है लेकिन भवन अपूर्ण है। जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा ने दो दिन तक कॉल रिसीव नहीं किया तीसरे दिन बात होने पर अपनी व्यवस्तता बतायी। न जाने शासन, प्रशासन का ध्यान इस ओर कब जाएगा। बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा कब सार्थक होगा।

**प्रधानमंत्री के सन्देश का वाचन के साथ लिया गया संकल्प**

# जुड़ाव और सकारात्मक ऊर्जा का सशक्त माध्यम हैं योग- सांसद अग्रवाल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाजार।** 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून शनिवार को बलौदाबाजार स्थित नवीन कृषि उपज मण्डी प्रांगण में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं महर्षि पतंजलि के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कुशल योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सैकड़ों स्कूली विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों ने योग के विभिन आसनों का अभ्यास किया।

सांसद श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग विश्व का प्राचीन पद्धति है जिसका आर्थ जुड़ाव से है। योग मानव को मानव से जोड़ने के साथ ही सकारात्मक ऊर्जा के लिए प्रेरित करता है। योग संस्कार और संस्कृति का संवाहक है। यह वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को बल देता है। उन्होंने



कहा कि शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, शांति एवं समृद्धि के लिए योग को दिनचर्या में शामिल करें। स्कूलों में प्रार्थना के साथ प्राणायाम भी नियमित हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी ने योग को विश्व पटल पर पहुंचाया है।आज पूरा विश्व योग की महत्ता को समझते हुए 21 जून को विश्व योग दिवस मनाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी के विकसित भारत संकल्प

**नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर में किया गया सामूहिक योगाभ्यास**

**जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने परिसर में रोपे पौधे, सीड बॉल और फलदार पौधों का किया गया वितरण**

के साथ ही छत्तीसगढ़ व समस्त जिलों को विकसित बनाने में योगादन देना होगा। इस अवसर पर सांसद श्री अग्रवाल ने योग को दिनचर्या में शामिल करने संकल्प दिलाया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी के सन्देश का वाचन भी किया।

**हरित योग के तहत वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण**

- इस अवसर पर हरित योग अंतर्गत जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने कृषि उपज मण्डी परिसर में शोभादार व फालदार पौधे लगाए। इसके साथ ही वन विभाग के द्वारा सीड बॉल एवं फालदार पौधों का वितरण किया गया।विश्व योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही जिले के विकासखंड मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों सहित अन्य संस्थानों में सामूहिक योगाभ्यास किया गया

*इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, वन मण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील, महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, लक्ष्मी बघेल, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी - कर्मचारी, एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी एवं नागरिक मौजूद थे।*

# भारत माता कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थान खम्हरिया।** नई शिक्षा सत्र की शुरुआत को एक उत्सव के रूप में मनाया गया। भारत माता कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के सभा हाल में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर, पत्रकार अनिल सिंघानिया, शाला विकास समिति अध्यक्ष चेतन सिन्हा, टिकम अग्रवाल, प्राचार्य रविंद्र यादव के दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की गई। अतिथियों का स्वागत तिलक, बैच लगाकर किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमति अनीता चंदन अग्रवाल ने व अतिथियों ने नव प्रवेशी छात्राओं को तिलक, फूल माला पहनाकर व मुंह मीठा किया। इस पावन अवसर पर छात्राओं को पाठ्य पुस्तक एवं शाला गणवेश भेट कर आत्मीय स्वागत किया गया। प्राचार्य रविंद्र यादव ने विद्यालय की गतिविधि की जानकारी व विद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता अग्रवाल ने शाला प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होकर, छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। आपके द्वारा संबोधन में कहा, शिक्षा ही समाज का आधार और आज की यह पीढ़ी ही हमारे भविष्य की नींव रखेगी। आगे आपके द्वारा बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, पश्चात पं. ओमप्रकाश जोशी ने अपने संबोधन की शुरुआत भारत माता की जयकारे के साथ की, आपने कहा शिक्षा ही वह दीप है। जो अज्ञानता के अंधकार को मिटा कर उज्जवल भविष्य की राह दिखाता है।

आज इन नन्हे कदमों के साथ हमने भविष्य की दिशा में एक सुंदर कदम बढ़ाया है। आगे आपने कहा शिक्षा की यह नया सफर सफलता और संस्कार से भरा हैं। आगे आपके द्वारा बताया गया है, कि एक समय था। जब हमे पुस्तक खरीद कर पढ़ाई करनी पड़ती थी। आज छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा मुफ्त में पुस्तक के अलावा मुफ्त में ड्रेस और भोजन की भी हमारे लिए व्यवस्था बनाई है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ढाल सिंह राजपूत ने किया। आभार प्रदर्शन संध्या मैडम ने किया। इस मौके पर चेतन सिन्हा, टीकम अग्रवाल, रेखा शर्मा, विजय यादव, पार्षद शरद कुंभकार, बालमुकुंद साहू शिक्षक, हरि केडिया शिक्षक, सूरज पाल पार्षद, घसिया निषाद एवं विद्यालय की छात्र छात्राएं उपस्थित थी।



# कालेज में चल रहे खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ



**भाटापारा। स्थानीय शासकीय गजानंद महाविद्यालय में चल रहे भव्य खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ उक्त प्रतियोगिता टेनिस बालीबाल फेडरेशन द्वारा आयोजित किया गया था समापन सामारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा महंत राम रूप दास महात्यागी तथा वालीबाल फेडरेशन के वेकटेस वंग वाढ भी उपस्थित थे पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से खेल प्रतिभाओ को आगे आने का मौका मिलता है साथ ही खिलाडियो को हर बार नयी सिख के साथ नयी उर्जा प्रेरणा व अनुशासन में रहने का भी संदेश प्राप्त होता है उन्होने इस प्रकार केआयोजन को बढावा देने की बात भी कही ।**

# खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता जांचने प्रशासन की टीम ने होटलों व ढ़ाबों में दी दबिश,सैम्पल को लैब भेजा



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार बारिश के मौसम में खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों के होटल, ढाबों, होलसेलर, रिटेलर, मिठाई दुकानों में विधिक एवं सर्विलांस नमूना जांच की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार क़ो 5 प्रतिष्ठानों में दबिश देकर खाद्य पदार्थो की जांच की गई तथा सैम्पल लेकर जाँच हेतु राज्य प्रयोगशाला एवं अन्य लैब भेजा गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि जांच टीम के द्वारा रवान में शुभम किराना से कुकीज़ एवं आटा सहित 5 खाद्य पदार्थो की जांच व सैम्पल ली गई। इसीतरह लवन में कृष्णा स्वीट्स से 2 प्रकार का यूज्ड कुकिंग ऑयल,भाटापारा में हुसैनी सेल्स से चाय पत्ती, ओट्स, बिस्किट्स, कॉर्न फ्लैक्स,श्री गुरुनानक होटल से राइस कुक्ड, खाद्य तेल, चिकन करी, यूज्ड कुकिंग ऑयल,लाहौद में नॉन स्टॉप ढाबा से लाहौरी जीरा कोल्डड्रिंक, कॉपर वाटर ,अरहर दाल, छोले चना सैंपल लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला एवं अन्य लैब भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

# बेलतरा में विशेष बैठक, शराब-गांजा प्रेमी पर विशेष दण्ड प्रावधान जारी

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** साजा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बेलतरा में अवैध शराब एवम गांजा बिक्री के संबंध में गांव में आवश्यक बैठक रखा गया जिसमें गांव के वरिष्ठ नागरिक, युवाओं,महिला समूह,मितानिन समूह,सरपंच, उपसरपंच,पंचगण,एवं जनप्रतिनिधि के साथ गांव के सभी वर्गो के लोग अधिक संख्या में शामिल हुए और सभी ने मिलकर शराब बंदी एवम गांजा, ताश, को बंद करने के संकल्प के साथ सर्व सम्मति से नियम पारित कर गांव स्तर पर दण्ड विधान बनाया गया। शराब वा गांजा बेचते पाए जाने पर 51000 रुपए दण्ड रखा गया।खरीदने वाले को 21000 रुपए दण्ड रखा गया है। बताने वाले को 15000 रुपए इनाम रखा गया। स्कूल, तालाब, गौठान शासकीय भवन, तालाब किनारे मंदिर के पास खुला में शराब पीने पर दंड 11000 रुपए और बताने वाले को ?5000 इनाम रखा गया। गांव में शराब पीकर बहस बाजी करने गाली गलौज करने वाले के ऊपर 5000 दंड रखा गया।

गांव में मटन मछली बकरा बनाकर कोई भी सार्वजनिक स्थान में नहीं खाना है अगर खाते पाए जाते हैं तो 2000 दंड और बताने वाले को 1000 इनाम रखा गया है। गांव में छठी एवं शादी समारोह पर खुले में शराब पिलाने पर 11000 दंड रखा गया है। गांव में खुला डिस्पोजल बेचने वाले के ऊपर 5000 दंड और बताने वाले को 2000 इनाम (केवल किसी कोल्ड ड्रिंक के साथ डिस्पोजल देने की अनुमति होगी खुले में नहीं देना है)। गांव में ताश खेलने के ऊपर प्रतिबंध है अगर ताश खेलते पाए जाते हैं तो प्रति व्यक्ति 2000 दंड और बताने वाले को 1000 इनाम रखा गया है।

जिसमें गांव के सरपंच भारती मुकेश टंडन, उपसरपंच सगन राम साहू, एवम् सभी पंचगण सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष नेतराम साहू , पूर्व सरपंच उमेंद साहू, मितानिन संघ अध्यक्ष सुमन साहू , सक्रिय महिला समूह काजल मानिकपुरी, एवम् समस्त महिला समूह अध्यक्ष और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

# विभिन्न निर्माण कार्यों के चलते अनेक लोकल ट्रेन रद्द कई के मार्ग बदले

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



भाटापारा। रेल्वे प्रशासन द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यो के चलते कुछ यात्री ट्रेनो को रद्द किया गया है उक्त संबंध में रेल्वे सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार सिलयारी मांढर तथा दाधापारा बिलासपुर रेल्वे स्टेशन के बीच स्लैब रिपलेशमेंट तथा गरडर लांचिग कार्य हेतु ट्रेफि क सह पावर ब्लाक कार्य के कारण आगामी 29 जून दिन रविवार को बिलासपुर से रवाना होने वाली ट्रेन कम्रांक 58201बिलासपुर रायपुर लोकल पैसेजर ट्रेन को रद्द किया है इसी तरह 29 जून दिन रविवार को ट्रेन क्रमांक 58204 रायपुर कोरबा लोकल पैसेजर ट्रेन को रद्द किया गया है इसी तरह 29 जून दिन रविवार को ही ट्रेन क्रमांक 68728 रायपुर बिलासपुर मेमू लोकल ट्रेन को रद्द किया गया है कुछ इसी तरह रविवार 29 जून को बिलासपुर से रवाना होने वाली ट्रेन क्रमांक 68719 बिलासपुर रायपुर मेमू लोकल को रद्द किया गया है रेल्वे सूत्रो ने बताया है कि आगामी 28 जून दिन शनिवार को ट्रेन क्रमांक 15160 दुर्ग छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को परवर्तित मार्ग दुर्ग राजनांदगांव गोदिया नैनपुर जबलपुर कटनी मार्ग से चलाते हुए छपरा ले जाने का फ ैसला लिया गया है इसी तरह शनिवार 28 जून को ट्रेन क्रंमांक 15232 गोदिया बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन को रायपुर भाटापारा के रास्ते से न चलाकर गोदिया नैनपुर जबलपुर कटनी मार्ग होकर बरौनी तक चलाने का निर्णय लिया गया है निर्माण कार्यो के कारण शनिवार 28 जून को ट्रेन क्रमांक 18241 दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन को 04 घंटे देरी से चलाने का निर्णय लिया गया है इसी तरह शनिवार 28 जून को ही ट्रेन क्रमांक 12833 अहमदाबाद हावडा एक्सप्रेस को 3 घंटे 30 मिनट देरी से चलाने का फ ैक्सला लिया गया है

28 जून दिन शनिवार को ट्रेन क्रमांक 15168 छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस 01घंटे देरी से रवाना होगी इसी तरह शनिवार को ही छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से चलने वाली ट्रेन क्रमांक 12859 ट्रेन लगभग 3 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी 28 जून दिन शनिवार को हावडा से चलने वाली ट्रेन क्रमांक 12860 3 घंटे देरी से रवाना होगी

पूर्व विधायक लाभचंद बाफना को जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनाएं

# जनसेवा ही मेरा संकल्प धर्म

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** साजा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा। नगर सहित दुर्ग, भिलाई, देवकर, धमना, साजा, बेमेतरा से सैकड़ों कार्यकर्ता उनके निवास स्थान पर पहुँचे और स्नेहपूर्वक शुभकामनाएं प्रकट कीं। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रत्यक्ष भेंट कर एवं इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भी बाफना जी को जन्मदिन की बधाइयाँ दीं। सभी ने उनके स्वस्थ, सक्रिय और दीर्घायु जीवन की कामना की। पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसेवा ही मेरा संकल्प धर्म है, और आप सभी कार्यकर्ताओं का स्नेह, विश्वास और सहयोग मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। बधाई शुभकामनाएं देने वालों में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया, चंद्रशेखर राजपूत, ऋषि तिवारी, रमेश जैन, सरिता जैन, अनमोल जैन, लीलू जैन, उज्वल जैन, मुकेश सिंघानिया, विजय शर्मा, घासी निषाद, हरिश्चंद्र साहू और पुरुषोत्तम अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

# गुरुकुल में मनाया गया 22वाँ स्थापना दिवस




**भाटापारा।** गुरुकुल विद्यालय में 22 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चाँद रतन मुंदड़ा एवं विशेष अतिथि के रूप में अजय नथानी उपस्थित रहे साथ ही प्राचार्य, उप प्राचार्य एवं विद्यालय के संस्थापक राम रतन मुंदड़ा ने भी मंच में हिस्सेदारी की। इस अवसर पर विद्यालय में वृक्षारोपण का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय की ओर से प्राचार्य ने वृक्षारोपण किया असतो मा सद्गमय% के उच्चारण द्वारा सरस्वती जी के समक्ष मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सबसे अच्छे संस्थान के रूप में अपनी पहचान बनाई है। हमने बच्चों को जिम्मेदार बनाने में मुख्य अतिथि चाँद रतन मुंदड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा आज नई ऊँचाइयों को छूता जा रहा है। गुरुकुल अपनी पुरानी परंपराओं पर आज भी अडिग है उन्होंने विद्यालय के निर्माणकर्ताओं को याद करते हुए वर्तमान से जोड़ा। विशेष अतिथि अजय नथानी ने नींव के महत्व को समझाते हुए कहा एक बीज जो कुछ वर्ष पहले चाँद रतन मुंदड़ा ने बोया था, वह आज एक बरगद वृक्ष की तरफ फैल गया है। प्रियल मुंदड़ा ने गुरुकुल को संबोधित किया माता-पिता भी उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम के समापन पर समन्वयक ने सभी का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# आगजनी का आरोपी गिरफ्तार

पारिवारिक विवाद के कारण दिया था घटना को अंजाम

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** प्रार्थिया साकिन रामनगर भिलाई ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 09.06.2025 को प्रार्थिया के पति जगराखन मेश्राम द्वारा प्रार्थिया की अनुपस्थिति में मकान में आग लगा दिया जिससे घर के सारे सामान, आलमारी के कपड़े, पलंग आदि जल जाने की रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर में अप0क्र0-171/2025 धारा 326 (जी) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशन में तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी की जा रही थी कि आरोपी के जवाहर नगर कचरा भट्टी के आसपास देखे जाने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँच कर आरोपी जगराखन मेश्राम को पकड़कर थाना लाया गया। जिससे अपराध के संबंध में मेमोरण्डम कथन लेकर पूछताछ किया गया जिसने बताया कि दिनांक 09.06.2025 को प्रार्थिया से विवाद होने पर गुस्से में आकर सुपेला के पेट्रोल पंप से पेट्रोल लाकर घर में छिड़कर आग लगा दिया तथा घर में रखे मोबाईल व गाड़ी को लेकर अपने गांव बहेराभाठा चला जाना चताया है। आरोपी जगराखन मेश्राम द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने से आरोपी जगराखन मेश्राम उम्र 34 वर्ष साकिन बालाघाट थाना



साल्हेटेकरी मध्यप्रदेश को दिनांक 03.07.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी वैशाली नगर अमित अंदानी, सहायक उप निरीक्षक रमेश शर्मा, प्रधान आरक्षक विजय नाग, आरक्षक दीपक माने व वैशाली नगर पुलिस का विशेष योगदान रहा ।

आरोपी:- जगराखन मेश्राम, 34 साल साकिन-बालाघाट थाना साल्हेटेकरी मध्यप्रदेश ।

# बाबाधाम जाने वालों के लिए रेल प्रशासन ने दी स्पेशल ट्रेन की सौगात




भाटापारा। आगामी सावन माह में बाबा धाम जाने वाले यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा गोदिया-मधुपुर-गोंदिया के मध्य श्रावणी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । यह ट्रेन कुल 16 फेरे लगाएगी । उक्त संबंध में रेल्वे सूत्रो का कहना है कि ट्रेन संख्या 08855/08856 गोदिया-मधुपुर-गोंदिया श्रावणी स्पेशल ट्रेन, प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को गोदिया से दिनांक 11 जुलाई, 2025 से 04 अगस्त, 2025 तक तथा इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को मधुपुर से दिनांक 12 जुलाई, 2025 से 05 अगस्त, 2025 तक 08-08 फेरे के लिए चलेगी । इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, तिल्दा, भाटापारा, बिल्हा, बिलासपुर, अकलतरा, जांजगीर-नैला, चांपा, बाराद्वार, सक्ति, खरसिया, रायगढ़, बेलपहाड़, ब्रजराजनगर स्टेशनों में दिया गया है । इसी तरह 08855 गोदिया-मधुपुर श्रावणी स्पेशल ट्रेन गोदिया से 12.30 बजे रवाना होगी तथा डोंगरगढ़ 13.28/13.30 बजे, राजनांदगांव 13.52/13.54 बजे, दुर्ग 14.40/14.45 बजे, रायपुर 15.30/15.35 बजे, तिल्दा-नेवरा 16.08/16.10 बजे, भाटापारा 16.30/16.32 बजे, बिल्हा 17.00/17.02 बजे, बिलासपुर 17.35/17.45 बजे, अकलतरा 18.10/18.12 बजे, जांजगीर-नैला 18.26/18.27 बजे, चांपा 18.37/18.39 बजे, बाराद्वार 18.52/18.54 बजे, सक्ति 19.06/19.08 बजे, खरसिया 19.21/19.23 बजे, रायगढ़ 19.53/19.55 बजे, बेलपहाड़ 20.35/20.37 बजे, ब्रजराजनगर 20.50/20.52 बजे, ॗारसुगुड़ा 21.25/ 21.27 बजे, राऊरकेला 22.50/22.58 बजे, दूसरे दिन चक्रधरपुर 00.25/00.30 बजे, टाटानगर 01.30/01.35 बजे, खड़गपुर 04.00/04.05 बजे, आन्दुल 05.50/05.55 बजे, डानकुनि 07.17/07.22 बजे, बद्धर्मान 08.12/08.14 बजे, दुर्गापुर 09.09/09.11 बजे, आसनसोल 09.50/10.00 बजे, चित्तरंजन 10.23/10.25 बजे होते हुए 12.30 बजे, मधुपुर स्टेशन पहुंचेगी । इसी प्रकार 08856 मधुपुर-गोंदिया श्रावणी स्पेशल ट्रेन, मधुपुर से 14.30 बजे रवाना होगी तथा चित्तरंजन 15.08/15.10 बजे, आसनसोल 15.50/16.00 बजे, दुर्गापुर 16.30/16.32 बजे, बद्धर्मान 17.41/17.43 बजे, डानकुनि 18.40/18.45 बजे, आन्दुल 20.05/20.10 बजे, खड़गपुर 21.50/22.00 बजे दूसरे दिन टाटानगर 00.35/00.40 बजे, चक्रधरपुर 01.35/01.40 बजे, राऊरकेला 03.00 /03.08 बजे, ॗारसुगुड़ा 05.40/05.45 बजे, ब्रजराजनगर 05.56/05.58 बजे, बेलपहाड़ 06.08/06.10 बजे, रायगढ़ 07.00/07.02 बजे, खरसिया 07.53/07.55 बजे, सक्ति 08.10/08.12 बजे, बाराद्वार 08.25/08.27 बजे, चांपा 08.45/08.47 बजे, नैला 09.12/09.17 बजे, अकलतरा 09.45/09.47 बजे, बिलासपुर 10.35/10.45 बजे, बिल्हा 11.07/11.09 बजे, भाटापारा 11.35/11.37 बजे, तिल्दा-नेवरा 12.00/12.02 बजे, तिल्दा 12.00/12.02 बजे, रायपुर 12.55/13.00 बजे, दुर्ग 13.55/14.00 बजे, राजनांदगांव 14.25/14.27 बजे, डोंगरगढ़ 15.00/15.02 बजे होते हुए 17.00 बजे गोंदिया स्टेशन पहुंचेगी उक्त स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 06 जनरल, 7 स्लीपर, 01 एसी-III, 02 एसी-III, सह एसी-II, सहित कुल 18 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी ।

## संक्षिप्त समाचार

### निधन- अशोक शर्मा



भाटापारा। शहर के प्रतिष्ठित टिंबर व्यावसायी स्वर्गीय रामदेव शर्मा के छोटे पुत्र अशोक शर्मा का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया वे राजा शर्मा चेतन शर्मा के पिता तथा श्याम मसाले के निर्माता श्याम सुंदर शर्मा के छोटे भाई थे उनकी अंतिम यात्रा संजय वार्ड से सोमवार को निकाली गई।

### गुप्त नवरात्रि में शीतला माता जुड़वास पूजा का भव्य आयोजन, श्रद्धा और भक्ति का उमड़ा सैलाब

थानखमरिया। नगर के दाऊ चौरा में खेतिहर मजदूर संघ के तत्वावधान में गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर शीतला माता जुड़वास पूजा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह विशेष पूजा महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा के उपरांत प्रारंभ गुप्त नवरात्रि के अंतर्गत संपन्न की गई, जिसे तंत्र-मंत्र यंत्र साधना की दृष्टि से विशेष महत्व प्राप्त है। वार्ड क्रमांक 8, 9 एवं 10 के सहयोग से हुए इस आयोजन में नगरवासियों व क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। शीतला माता से नगर के समस्त जनों के लिए आरोग्य, सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण अंचलों से लगभग 10 माता सेवा मंडलियों ने शंख-ढोल-मंजीरों के साथ पारंपरिक भजन व देवी जस गीतों की सजीव प्रस्तुति दी। भक्तिरस से सराबोर यह आयोजन देर रात तक चलता रहा, जिसमें श्रद्धा व अध्यात्म का अद्भुत समावेश देखने को मिला। माना जाता है कि राजा विक्रमादित्य को शीतला माता के आशीर्वाद से ही नवरत्न और चक्रवर्ती सम्राट बनने का वरदान प्राप्त हुआ था। इसी विश्वास और श्रद्धा के साथ यह आयोजन हर वर्ष गुप्त नवरात्रि में विधिपूर्वक किया जाता है। इस आयोजन को सफल बनाने में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर, श्रीराम सत्संग मानव समिति संयोजक अनिल सिंघानिया, पार्षद प्रवेश नेताम, अर्जुन सिन्हा, अमर सिन्हा, लोकनाथ सिन्हा, भरत सिन्हा, चंदन सिन्हा, राजेश यादव, मोहित सिन्हा, मूलचंद सिन्हा, लेखराम सिन्हा, रामलोचन सिन्हा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की प्रमुख भूमिका रही। मंच संचालन की जिम्मेदारी छेदीलाल सेन ने कुशलता से निभाई।

### गुनीराम साहू का दुखद निधन


स्व.श्री गुनीराम साहू (गोंदिया)

थानखम्हरिया। समीपस्थ ग्राम गातापार निवासी गुनीराम साहू का 29 जून को दुखद निधन हो गया। अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में गॉव के मुक्तिधाम में किया गया। मृतक का दशगात्र कार्यक्रम 8 जुलाई को संपन्न होगा। गुनीराम अपने पीछे पत्नी संगीता तथा पुत्री राखी को रोता बिलखता छोड़ गये। वे गातापार के सरपंच हरदत्त, सोनू तथा दौलत के चाचा थे।

## खैरी सरपंच पर प्राण घातक हमला के बाद सरपंच संघ ने ज्ञापन सौपा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। गत दिनो ग्राम पंचायत खैरी राजाढार के सरपंच के उपर उसी गांव के एक अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति ने सरपंच के उपर प्राण घातक हमला टंगिया से किया था टंगिया से हमला करने वाला व्यक्ति इस बात से नाराज था कि सरपंच ने ग्राम सभा में उसके अतिक्रमण को हटाने प्रस्ताव पास कर भाटापारा तहसीलदार के कोर्ट में प्रकरण दाखिल किया था इस घटना उके बाद भाटापारा ब्लाक के सरपंच संघ के अध्यक्ष संकेत अग्रवाल के साथ बडी तदात में अन्य गांव के सरपंचो ने अनुविभागीय पुलिस अधिकारी व थाना दारे को ज्ञापन सौपकर खैरी सरपंच के उपर प्राण घातक



हमला करने वाले पर कडी कार्यवाही करने व भविष्य में इस प्रकार की वारदात पर रोक लगाने बाबत ज्ञापन सौपकर पुलिस प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखी ।

## प्रांतीय शारीरिक एवं खेल प्रशिक्षण वर्ग का हुआ उद्घाटन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा - स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में प्रांतीय शारीरक एवं खेल आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन के मुख्य अतिथि के रूप में नगर संघ चालक संतोष पाण्डेय समिति सदस्य हेमंत नायडु, प्रातीय खेल प्रमुख दिवाकर स्वर्णकार, प्रांतीय शारिरीक प्रमुख एवं रायपुर व राजिम विभाग के समन्वयक मानिक लाल साहू के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । सर्व प्रथम मुख्य अतिथि संतोष पाण्डेय जी ने अपने उद्गार के माध्यम से सभा में उपस्थित समस्त आचार्य दीदीयों को प्रशिक्षण



वर्ग का विशेष रूप से लाभ उठाने के लिए प्रेरित कीया। वहीं प्रांतीय खेल प्रमुख दिवाकर स्वर्णकार जी ने प्रशिक्षण वर्ग के विषय वस्तु के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई साथ ही मानिक लाल साहू जी ने खेल एवं शारिरीक विषय वस्तु के बारे मे विस्तार रूप से बताते हुए पंच कोष विषय की महत्व को बताया। जिसमें मुख्य रूप से शारिरीक शिक्षा योग शिक्षा, संगीत शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, नैतिक एवं अध्यायत्मिक शिक्षा सम्मिलित रहा। वही एक प्रकार का भोजन न लेते हुए संतुलित भोजन लेने पर विशेष बल दिया गया। विचार प्रगट करते हुए आगे कहा की शरिर को ठीक रखने के लिए व्यायाम श्रृखला आवश्यक है, उसके साथ ही मंन बुध्दि चित संस्कार को नियत्रण रखने को कहा। और जीबन कौशल, शिक्षा कौशल, सिखने का कौशल मनुष्य जीवन में सभी के लिए अनिवार्य बताया गया तथा वर्ष भर के शारिरीक एवं खेल-कुद कैलैण्डर की विशेष रूप से जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख संजय तिवारी द्वारा दी गई।

# पुरी शंकराचार्य के प्राकट्य तिथी को राष्ट्र उत्कर्ष दिवस के रूप में मनाया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



भाटापारा। पुरी शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती का ८३वां प्राकट्य महोत्सव राष्ट्र उत्कर्ष दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर भाटापारा स्थित मारवाड़ी कुंआ मंदिर के प्रांगण में महारुद्राभिषेक, सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ, भजन संकीर्तन ,प्रवचन, संगोष्ठी का कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर आचार्य पंडित श्री ुाम्मन शास्त्री ने भक्तों को संबोधित करते हुए गुरुदेव भगवान के जीवन वृतांत पर संबोधन प्रदान करते हुए बताया कि शंकराचार्य का पद विश्व में सबसे ऊंचा पद है ,आदि शंकराचार्य जी द्वारा प्रतिष्ठित गोवर्धन मठ, पुरी पीठ ,गौरक्षा एवं वैदिक गणित का केंद्र है तथा शक्तिपात दीक्षा का भी विशेष मुख्य केंद्र है तथा भागवत की प्रसिद्ध ,श्रीधरी टीका गोवर्धन पुरी पीठ के द्वारा प्रदत्त है, वर्तमान में शंकराचार्य जी लगभग 200 ग्रंथ ,धर्म अध्यात्म नीति विज्ञान संबंधित ,अपने दिव्य,ज्ञान, विज्ञान के द्वारा लिखकर उन्होंने अमूल्य निधि प्रदान किया है ,वैदिक गणित के ऊपर ही लगभग उनका 20 से अधिक ग्रंथ की रचना हुई है ,शंकराचार्य जी महाराज का समग्र जीवन धर्म अध्यात्म राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित है और हिंदुओं के अस्तित्व एवं आदर्श की रक्षा, देश की सुरक्षा एवं अखंडता के लिए हिंदुओं के प्रशस्त मान बिंदुओं की रक्षा के लिए जीवन पर्यंत श्री शंकराचार्य जी का प्रयास इतिहास में अविस्मरणीय रहेगा अधिक समाज में प्रचारित करने की आवश्यकता है,इस अवसर पर हर्ष मिश्र द्वारा भी सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे ,जिसमें वीरेंद्र शर्मा, प्रेमचंद भूषाणिया ,मोहन केशरवानी, महेश गुप्ता, श्री बलदेव भारती ,दीपक राय ,नरेश शर्मा , श्री हरिहर शर्मा, सत्यनारायण जोशी ,गौरव बावला, राजेंद्र शर्मा, गुरुनामल मंधान, हर्ष मिश्र, रवि गुप्ता, राजेश उपाध्याय, राकेश उपाध्याय ,शिवांश बावला, रवि राम शास्त्री, अविनाश पंडित, धीरेंद्र तिवारी, प्रवीण तिवारी, लोकेश तिवारी ,दीनू दुबे, जितेंद्र तिवारी, मोहन पांडे, सतीश वैष्णव ,गोविंद मुंधड़ा, उषा मिश्रा ,रेखा शर्मा ,भावना शुक्ला ,आशा शर्मा ,रेखा शर्मा, प्रतिमा गुप्ता, सरिता शर्मा ,आदि भक्त, पीठ परिषद आदित्य वाहिनी ,आनंद वाहिनी ,एवं श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित थे।

# नगर की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पालिका में समीक्षा बैठक संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



भाटापारा । नगर की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु नगर पालिका परिषद में समग्र विभागीय समीक्षा बैठक किया गया नगर की विभिन्न जनसुविधाओं को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बैठक में जल, विद्युत (प्रकाश), स्वास्थ्य, राजस्व, खाद्य, लोक निर्माण विभाग ( पीडब्लयूडी), राष्ट्रीय योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जल आपूर्ति व्यवस्था, पाइपलाइन की मरम्मत, टैंकर वितरण, बोरिंग की स्थिति, मोटर सुधार, फिटर कार्य और नई जल टंकियों के निर्माण की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में विद्युत विभाग के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, खराब केबलों की मरम्मत, लाइटिंग टाइमिंग की समन्वयता, तथा बंद पड़ी लाइटों को शीघ्र चालू करने की कार्य यीजना पर विचार किया गया। स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समीक्षा में वार्ड वार सफाई व्यवस्था, नालियों की नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन, सफाई वाहनों की उपलब्धता, उपकरणों की मरम्मत, कर्मचारियों के वेतन एवं पदस्थापना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया एवं सभापति गण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान, संबंधित पार्षदगण, समस्त विभागीय अधिकारी, जोन प्रभारी एवं अन्य प्रशासनिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने भी क्षेत्र की समस्याओं एवं जनहित से जुड़े सुाव बैठक में रखे, जिन पर गंभीरता से मंथन किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा हमारा प्राथमिक लक्ष्य नगर की प्रत्येक मूलभूत सुविधा को बेहतर बनाना है। विभागीय समन्वय और पारदर्शिता के साथ हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर योजना का लाभ समयबद्ध रूप से आमजन तक पहुंचे। नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है बैठक के अंत में यह सुनिश्चित किया गया कि सभी संबंधित विभाग त्वरित समाधान की दिशा में समन्वित रूप से कार्य करें और सेवा तंत्र को अधिक सशक्त बनाएं, जिससे जनसुविधाएं और अधिक प्रभावी रूप में नागरिकों तक पहुंच सकें।

# प्राथमिक एवं मीडिल स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



भाटापारा। शासकीय प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल बुचिपार में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन रखा गया सरपंच लुकेश कुमार पाठक की उपस्थिति में किया गया कार्य क्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पुजा अचर्ना कर किया गया बच्चों का मिठाई खिलाकर गुलाल लगा कर गणवेश वितरण कर स्वागत किया गया प्रथमिक शाला के प्रधान पाठक खिमन लाल साहू ने पहली से लेकर पांचवीं तक के बच्चों को स्कूल लगने का समय सारणी अवगत कराया गया कक्षा छठवीं से आठवीं तक के बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचने निर्देश दिया गया व हर रोज योग करने व शिक्षा से समाज में सकारात्मक बदलाव संभव की जानकारी दी गई सरपंच लुकेश कुमार पाठक ने बच्चों को समयबद्ध और अनुशासन का पालन करने की सलाह देते हुए उन्हें उत्कृष्ट छात्र बनने की प्रेरणा दिया कार्य क्रम सफल बनाने सरपंच लुकेश कुमार पाठक उप सरपंच बुधारी साहू लक्ष्मी बाई साहू उर्मिला साहू कुमारी बाई रजिया ध्रुव सरिता साहू शकुन ध्रुव रिखी साहू चन्द्र कुमार साहू रोहित साहू मन्नु साहू थानु ध्रुव सुमित्रा साहू भीखाराम ध्रुव विमला साहू भागीरथी सेन सचिव विष्णु प्रसाद ध्रुव मिडिल स्कूल शिक्षक सभाषिणी पुलस्त्य राधारानी साहू अभिषेक गिरि प्राथमिक शाला शिक्षक खीमनलाल साहू भारती शर्मा रमेश कुमार निषाद मंगतराम गहरे देवनाथ ध्रुव व नारायण प्रसाद ध्रुव सहित अधिक संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे


# रेल महाप्रबंधक ने सांसदों की बैठक में रेल समस्या पर चर्चा की



भाटापारा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ हुई । प्रथम तल सभागार मंडल कार्यालय में आयोजित उक्त बैठक सौहाद्रपूर्ण तथा सहयोगात्मक माहौल में बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर की अध्यक्षता में हुई । इस बैठक स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं, ट्रेनों की समयबद्धता, नई रेल सेवाओं की शुरुआत, मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन, ट्रेनों के ठहराव एवं विस्तार सहित स्टेशन पर उपलब्ध गुड्स शेड को स्थानांतरित कर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विकास करने व अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई । महाप्रबंधक ने सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्र की जनता की आकांक्षाएं एवं अपेक्षाओं से रेल प्रशासन को अवगत कराने एवं विकासात्मक सुझाव देने के लिए धन्यवाद दिया। महाप्रबंधक ने बैठक में उठाए गए मुद्दों तथा सुझावों को नियमानुसार प्राथमिकता के साथ पूरा करने के प्रयास के प्रति आश्वस्त किया । बैठक में समीर कान्त माथुर ने सुझाव देने तथा बैठक को सफल बनाने हेतु सभी सांसदों एवं सांसद प्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट किया ।

# मांग के अनुरूप किसानों को नहीं मिल रही डीएपी खाद- किसान परेशान

**भाटापारा।** झमाझम बारिश के साथ ही किसान कषि कार्य में किसान जुट गया है लगभग बोनी किसानो ने कर ली है रोपा पद्वाति से अब धान बोने वाले किसान रोपा की तैय्यारी कर रहे है जिसके लिए खेत की तैय्यारी किसानो द्वारा की जा रही है पर साथ ही हर वर्ष की तरह नये समस्याओ खाद बीज को लेकर परेशान है इस वर्ष भी तमाम उपलब्धता के दावे खोखले साबित हुए है क्षेत्र में स्थित सोसायटी में डीएपी खाद कि आपूर्ति आवश्यक्त ा के अनुरूप कम है जिससे मजबूरी वश किसानो को अधिक राशि पर दुकानदारो से व्यवस्था करना पड रहा है समितियों में और निजी कृषि दुकान दारो के पास यूरिया खाद उपलब्ध नही है और किसान परेशान है जैसे जैसे खेती का कार्य गहराता जा रहा है डीएपी की उपलब्धता कम हो रही है यह पहला वर्ष नही है




जब किसान खाद को लेकर परेशान है शासन बडे बडे लक्ष्य और बडे बडे दावे करता है लेकिन उन दावो के बीज किसानो को मांग अनुरूप न खाद मिलता है और न ही प्रमाणित बीज ऐसे में दुनिया को अनाज उपलब्ध कराने वाला भूमि पुत्र हर वर्ष शासन की लाचार व्यवस्था से परेशान रहता है शासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है

# दावनबोड़ में पौधा रोपण संपन्न



भाटापारा दावनबोड़ ग्राम में प्रकृति के अनुरूप जन जीवन सुखमय प्रकृतिमय वातावरण ग्राम सौदर्य प्रदुषण नियंत्रण शुद्ध वायु एवं मनोरम दृश्य उद्देश्य से हमर सुंदर गांव ग्रुप द्वारा फलदार छायादार फूलदार पौधा मौसम एवं महापुरुषों के जन्मदिवस जयंती एवं अन्य कार्यक्रम मनाते हुए किया जा रहा है नारियल आम बादाम अमरूद कदम चीकू एवं अन्य अलग - अलग किस्मों के पौधा लगाया गया है जिसमें युवा साथी शासकीय कर्मचारी किसान एवं मजदूर वर्ग के लोग आपसी सहमति से आर्थिक सहयोग शारीरिक सहयोग प्रदान करते हुए निस्वार्थ भाव से काम कर रहे है लगभग चार एकड़ जमीन सौदर्यीकरण करने लक्ष्य के साथ साथ गांव के आवागमन मार्ग सड़क तालाब किनारे भी पौधारोपण पूर्व नियोजित है उक्त कार्यक्रम में दीप्ती गोविंद वर्मा सभापति स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास जिला पंचायत नीलकंठ वर्मा सुरेश कुमार वर्मा रामकुमार वर्मा लक्ष्मण कुमार वर्मा टिकेश्वर वर्मा गंगा वर्मा मनोज वर्मा अमृतलाल ध्रुव नितेश वर्मा प्रवीण वर्मा पंकज वर्मा लोकेश वर्मा नवीन वर्मा दिलीप वर्मा मनोहर साहू तिलक वर्मा अजय देवचरण लखन वर्मा एवं समूह सदस्य उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त समाचार

# बिलासपुर-काचेगुडा-बिलासपुर के मध्य 04 फेरो के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा अब चर्लपल्ली तक ही चलेगी !

### यह गाड़ी काचेगुडा एवं चर्लपल्ली के बीच नहीं चलेगी



भाटापारा। रेल यात्रियो की सुविधा और यात्रियों की भीड़भाड़ को ध्यान मे रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा एक स्पेशल ट्रेन क्रमांक 08263/08264 बिलासपुर-काचेगुडा-बिलासपुर के मध्य 04 फेरो के लिये चलाने की घोषणा की गयी थीं । उक्त स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 07 एवं 14 जुलाई 2025 को काचेगुडा के लिए रवाना होगी । इसी प्रकार काचेगुडा से दिनांक 01, 08 एवं 15 जुलाई 2025 को बिलासपुर के लिए रवाना होगी । रेल्वे प्रशासन ने काचेगुडा रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म में आवश्यक कार्य के लिए इस गाड़ी को काचेगुडा के स्थान पर चर्लपल्ली तक ही चलाने की घोषणा की है यह गाड़ी काचेगुडा एवं चर्लपल्ली के बीच नहीं चलेगी ।

# टोनाटार हाई स्कूल में मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया




भाटापारा। ग्राम टोनाटार के शासकीय शाहिद धनंजय वर्मा हाई स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम विद्यालय परिवार एवं ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं शाला में अध्ययनरत बच्चों एवं नवप्रवासी बच्चों को जनप्रतिनिधियों के द्वारा एवं शाला में कार्यरत शिक्षकों के द्वारा सभी छात्र छात्राओ को मिठाई खिलाकर प्रवेश दिलाया गया एवं विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्र छात्राओ को शासन द्वारा प्रदत्त पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया उक्त कार्यक्रम में शांति ध्रुव एवं सरपंच विष्णु कोसले एवं रोहित कुमार धीवर कुलेश्वर वर्मा उमेश कांत यादव देव कुमार ध्रुव दौलत कुंजाम रामेश्वर लहरी शशिकांत डहरिया युनेश्वरी ध्रुव गणेश वर्मा राजकुमार लहरे सुनील कुमार ठाकुर उपस्थित थे ।

# सुरखी में शाला प्रवेश उत्सव संपन्न



भाटापारा। ग्राम सुरखी के स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम सपन्न हुआ उक्त कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओ को निशुल्क गणवेश वितरण एवं पाठय पुस्तक समाग्री का वितरण किया गया स्कूल में जल भराव की स्थिति को देखते हुए मैदान समतलीकरण कराने का निर्णय लिया गया उक्त कार्यक्रम में ज्योति धृतलहरे सुदर्शन बंजारे महेन्द यादव लेखराम साहू राजेश शर्मा चंद्रशेखर वर्मा सरोज यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# भाटापारा में निकली जगन्नाथ रथ यात्रा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्र के साथ आषाण माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया 27 जून दिन शुक्रवार को रथ में सवार होकर राम सप्ताह मंडप के पास स्थित भाटापारा शहर के 122 वर्ष प्राचीन जगन्नाथ मंदिर से रथ मे सवार होकर निकले। रथ यात्रा लटोरिया मंदिर से दोपहर बाद निकली और यह यात्रा राम सप्ताह चौक गोविन्द चौक सदर बाजार पंचायती मदिर जैन मंदिर के रास्ते प्रमुखस मार्ग से होते हुए सती मंदिर के पहले भगत सिंग वार्ड हटरी बाजार अनाज लाईन सिनेमा लाईन आजाद चौक फौवारा चौक अन्य मार्गो से होते हुए वापस लटोरिया मंदिर पहुंची उक्त रथ यात्रा को देखने शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से बडी तादाद में लोग पहुचते है इसके पहले 12 बजे भगवान जगन्नाथ की महा आरती के साथ गजामूंग एवं महाप्रसाद का भोग लगाया जायेगा तत्पश्चात यात्रा अपने गंतव्य के लिए निकलेगी बताया जाता है कि भाटापारा में लगभग 122 वर्ष पूर्व लटूरिया महराज ने जगन्नाथ मंदिर की स्थापना की थी लटूरिया दास महराज द्वारा निर्मित मंदिरमें भगवान जगन्नाथ् । बलभद्र एवं सुभद्रा की मूर्ति चंदन काठ लकडी से निर्मित है उक्त मूर्ति को लटूरिया महराज ने भाटापारा से 610 किलोमीटर उस वक्त पैदल चलकर उडीसा राज्य के पुरी धर्म स्थल अपने मित्र मंडली के साथ पहुचकर उसे विधि विधान सें पूजा अर्चना कर वापस मुर्ति को लेकर पैदल ही भाटापारा शहर की ओर प्रस्थान किया और यहां पहुचने के बाद उन्होने संपूर्ण विधि विधान से उपरोक्त मूर्ति की प्राण प्रतिस्ठा मंदिर में की प्राचीनतम समय से भाटापारा में रथ यात्रा निकाली जाती रही वह परंपरा अनवरत 122 सालो से अनवरत जारी है वर्तमान में लोहे से निर्मित रथ मे रथयात्रा निकालने की परंपरा चल रही है इसके पूर्व लटूरिया महराज ने काठ से निर्मित रथ व लकडी के पहिए के जरिये रथ निकालने की परंपरा शुरू की थी कहा जाता है कि जिस प्रकार उडीसा के जगन्नाथ मंदिर में प्रसाद कभी कम नही पडता ठिक उसी तरह लटूरिया महराज के द्वारा स्थापित भाटापारा के लटूरिया जगन्नाथ मंदिर का भंडारा रसोई प्रसाद भोजन कभी भी श्रद्धालूओ के लिए कम नही पडता लटूरिया महराज के निधन के पश्चात भी उनकी दिव्य प्रेरणा से भाटापारा के लटूरिया मंदिर से जगन्नाथ रथ यात्रा निकालने की परंपरा निरंतर जारी है

### मिटटी पाटने की बात पर हमला

## घायल व्यक्ति की मौत कोर्ट ने सुनाई 5 वर्ष की कठोर कारावास की सजा व जुर्माना भी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। ब्लाक के ग्राम कोनी में मिटटी डालने के बात कहने पर आक्रोशित युवक ने एक अन्य व्यक्ति तथा उसकी पत्नी एवं सास पर जानलेवा हमला कर दिया था उक्त घटना में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया था जहा उपचार के दौरान उक्त व्यक्ति की मौत हो गई उक्त मामले में पुलिस द्वारा प्रस्तुत डायरी के आधार पर गहन व सुक्ष्म जांच पडताल के पश्चात प्रकरण न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया था उक्त घटना में ग्राम कोनी निवासी पीडित पक्ष के सनत कुमार ने आरोपी पक्ष के राहुल भारद्वाज सहित अन्य लोगो से उसके खेत और घर में मिटटी पाटने को कहा था जिससे गुस्सा होकर आरोपी पक्ष के लोगो ने पत्थर डंडा एवं लाठी का प्रयोग करते हुए सनत कुमार तथा उसकी पत्नी गंगा बाई के साथ साथ उसकी सास पर ताबडतोड हमला करते हुए गंभीर चोट पहुचाया था उक्त हमले में घायल सनत कुमार को गंभीर मार लगने के बाद रायपुर के एम्स हास्पीटल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई उक्त प्रकरण पर अपरसत्र न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल ने आरोपी राहुल भारद्वाज बबलू बंजारे राहुल मिरी तथा साहिल कोसले को दोषी मानते हुए 5 साल 09 महीने की जेल की सजा और 11 सौ रूपये के अर्थदंड से दडिंत किया है

## आषाढ़ के 15 दिन बाद हुई बारिश से खेती किसानी के काम में आयी तेजी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



भाटापारा। आषाण महीने के एक पखवाडे के बाद मंगलवार को हुई बारिश के कारण क्षेत्र में खेती किसानी के कार्य में तेजी आ गई है अधिकांश खेतो में अब किसान दिखने लगे है उनके साथ बोआई कार्य करने वाले लोग भी खेतो में आने जाने लगे है फलस्वरूप गांव में अब सुबह व शाम तक ग्रामीण नही मिल रहे है जिसके कारण गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने के बाद आषाण माह के लगते ही मौसम बदल जाना था लेकिन आषाण महीना के 15 दिन बाद भी ठीक ठाक बारिश होने से मौसम का मिजाज थोडा सा अब ठंडा हुआ है सुखी पडी शिवनाथ नदी में अब जल प्रवाह होने लगा है वही सुख चुके तालाब डबरी नाला में अब पानी दिखने लगा है हालाकि अभी बरसात ने लय नही पकडा है फलस्वरूप तालाब नदी नाले व कुए इस वर्ष जलमग्न नही हो पाये है शुरूवाती बारिश से कृषि काये में गति जरूर आ गये है वही शहर के तमाम बीज खाद व रासायनिक उर्वरक दुकानो में ग्राहकी का सैलाब उमड पडा है बाजार में ज्यादातर लोग कृषि व्यावसाय से जुडे समान खरीदने बडी तदाद मे पहुच रही है वही दुसरी ओर अनके किसान अपने अपने खेतो में धान की रोपाई कार्य मे जुट गये है

## समस्या से रूबरू होने दीप्ती वर्मा ने किया दौरा

भाटापारा - जिला पंचायत सभापति स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास श्रीमती दीप्ती गोविंद वर्मा ने अपने क्षेत्र मचाभाट रोहरा रेंगाबोर दौरेंगा नयापारा मर्राकोना गणेशपुर का भ्रमण किया जिसके तहत उन्होने शासकीय विद्यालय के मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया पेयजल विद्युत आपूर्ति एवं ग्रामीणो से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना किया बरसात में शाला परिसर पर जलभराव की संभावना को दूर करने प्रयास की बात कही शाला भवनों की जर्जर स्थिति को देखते हुए समस्याओं को हल करने का भरोसा दिलाया उन्होने सामुदायिक भवन एवं सी सी रोड़ आवश्यकतानुसार निर्माण कर अपने क्षेत्र के विकास में सहयोग करने की बात कही उक्त अवसर टिकेश्वर वर्मा लक्ष्मण कुमार वर्मा खोरबाहरा वर्मा शत्रोहन ललित निषाद डोमार निषाद खगेश निषाद केवल दास तीजू निषाद सुरेश निषाद मुकेश निषाद अहिल्या बाई मंगलू परदेशी सतीश निषाद उपस्थित थे



# बारिश के पानी से जगह जगह जल भराव व गंदगी का आलम

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



भाटापारा। शहर में शनिवार को अचानक हुई बारिश से जगह जगह जल भराव के स्थिति बन जाने से लोगो को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पडा खासकर अस्पताल चौक से लेकर कृषि उपज मंडी पहुच मार्ग में लोग आवाजाही मे दिक्कतो से जुाते रहे क्योकि एक ओर जहा इस मार्ग पर नाला निर्माण कार्य होने के कारण जहा खुदाई किये गये मलवे को सडक पर ही रख दिया गया है वही नाला निर्माण की गति बहुत धीमी होने के कारण लोगो को परेशानी से जुाना पड रहा है आम नागरिको के साथ साथ उस क्षेत्र में निवास करने वाले भी परेशान है जनहित में उक्त मार्ग के नाला नाली निर्माण कार्य को तेज गति से पुरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किये जाने की मांग लोगो ने की है शनिवार के बारिश के बाद हटरी बाजार रेल्वे अंडरब्रिज के बाजू वाले हिस्से के सर्विस रोड मे भी पानी भर जाने से लोगो को दिक्कतो से जुाना पडा है इसी प्रकार मंडी क्षेत्र कालेज रोड स्थित सियाराम जांगडे अस्पताल गली व अन्य वार्ड मुहल्लो में भी जल भराव के कारण लोग परेशान होते रहे वही नगरके एक मात्र गार्डन के जगह जगह पानी भर जाने के कारण शाम के वक्त गार्डन को बेद रखना पडा इस तरह शहर में हुई शनिवार की कुछ घंटो की बारिश से जलभराव के हालात बन गये है वही अनेक वाडो में नालियो का पानी सडक पर आ जाने से गंदगी का वातावरण लोगो को परेशान कर रहा है इधर नयागंज वार्ड के रिहायशी इलाके में भी बारिश का पानी भर जाने से लोगो की दिक्कते बढ गयी है ।

# सुरेन्द्र दुबे को भाटापारा की श्रद्धांजली सभा में किया गया याद



भाटापारा। अंतर्राष्ट्रीय कवि पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे को स्थानीय साहित्यकार,राजनेता,पेंशनर्स, पत्रकार एवं शिक्षाविदों ने भावभीनी श्रद्धांजलि एक कार्यक्रम में दी। वरिष्ठ साहित्यकार बलदेव भारती ने कहा कि डॉक्टर सुरेंद्र दुबे के चले जाने से साहित्य जगत के एक युग का अंत हो गया है। सबको हँसाने वाले जाते-जाते सबको रुला गए। लोग उन्हें सदियों तक भूल नहीं पाएंगे। पूर्व विधायक नरेंद्र शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की माटी की सोंधी खुशबू को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने वाले डॉक्टर सुरेंद्र दुबे का योगदान हमेशा याद किया जायेगा। रघुनाथ प्रसाद पटेल ने दुबे जी को विलक्षण प्रतिभा का धनी बताते हुए छत्तीसगढ़ी साहित्य के प्रति उनके आगाध प्रेम को स्मरण किया। राजकुमार शर्मा ने कहा कि रचनाकार हमेशा अमर होता है वह अपने विचारों के माध्यम से सदियों तक जिंदा रहते हैं डॉक्टर दुबे भी सदियों तक अमर रहेंगे। बृजेश अग्रवाल ने दुबे जी की मिलनसारिता को याद किया कि कैसे वे एक फोन पर किये निवेदन को भी स्वीकार कर लेते थे। नरेंद्र वर्मा ने कहा - छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा दिलाने में डॉक्टर सुरेंद्र दुबे की अहम भूमिका थी। वे अंतिम सांस तक छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में जोड़ने के लिए संघर्ष करते रहे। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी लोगों ने पद्मश्री डॉक्टर सुरेंद्र दुबे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अजय साहू कन्हैया साहू इंदरानी साहू,निवेदिता वर्मा,वंदना गोपाल शर्मा, स्वर्ण लता त्रिवेदी,सुभाष भट्टर,नरेश शर्मा, के.एन. यदु , आशाराम अनंत, चंद्रभान पाल, दिलीप सिंह बिसेन, अशोक पंत,रमेश कुमार वर्मा, के के वर्मा कमल नारायण यदु सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# बरसते पानी में भी भाटापारा मंडी में धान व उनहारी की संतोष जनक आवक

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



भाटापारा। बरसात के मौसम के बावजूद प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी में गुरूवार को 20 हजार से अधिक बोरा धान की आवक हुई वही किसानो को उनकी उपज का भरपूर दाम भी प्राप्त हुआ गुरूवार को मंडी प्रागण में 20 हजार से भी अधिक बोरा धान की आवक हुई वही मंडी में श्रीराम ई नेम धान का भाव 2500 रूपये प्रति क्विटल के दर पर बिका वही एच एमटी ई नेम धान 2400 रूपये के भाव में बिकने से किसान प्रसन्न चित हो गये प्रागण में महामाया धान 2539 रूपये प्रति क्विटल के सम्मान जनक भाव में बिका वही माहामाया ई नेम धान 2551 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बेचा गया प्रागण में उम्मीद से ज्यादा भाव में मोटा मिक्स धान भी 1950 रूपये के प्रति क्विटल के दर से बिका मंडी में गेहू की भी पर्याप्त आवक हुई और वह 2350 रूपये प्रति क्विटल के भाव पर बेचा गया मंडी में चना 5331 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बेचा गया तिवरा 3500 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बेचा गया वही मसूर को भी अच्छा भाव प्राप्त हुआ और यह 5410 रूपये प्रति क्विटल के भाव पर बिका बटरी 3650 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बिका प्रागण में उडद व धनिया की भी भरपूर आवक हुई जिसमें उडद 5920 रूपये के उछाल भरे भाव में बिका वही धनिया 6821 रूपये प्रति क्विटल के उच्च भाव में बेचा गया प्रांगण में मूंग ने भी आते ही उछाल मारकर 6200 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बिककर किसानो को खुश कर दिया इस तरह अब कृषि उपज मंडी प्रांगण मे निरंतर धान के साथ साथ उन्हारी उपज की भरपूर आवक का क्रम लगातार जारी है मंडी प्रांगण मे दूर दराज के जिलो बेमेतरा, मुंगेली, बिलासपुर, सारंगढ-बिलाईगढ, महासमुंद, चांपा जांजगीर, गौरेला पेन्ड्रा मरवाही व रायपुर सहित अन्य जिलो के दूर दराज के गांव के किसान भाटापारा मंडी मे तुरंत चुकारा प्राप्त होने तथा अच्छा खासा भाव मिलने की वजह से पहुंच रहे है।

# पुष्करणा ब्राह्मण सभा सदन का लोकार्पण





**रायपुर।** श्री रायपुर पुष्टिकर समाज ट्रस्ट ने रविवार को एक अत्यंत भव्य कार्यक्रम के साथ ही पुष्करणा ब्राह्मण सभा सदन का लोकार्पण किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल अपनी समस्त व्यस्ताओं के बावजूद प्राचीनतम बूढ़ेश्वर मंदिर पहुंचे, महादेव की पूजा-अर्चना की और फिर नवनिर्मित पुष्करणा ब्राह्मण सभा सदन का उद्घाटन किया। श्री रायपुर पुष्टिकर समाज की इस अनुकरणीय पहल की प्रशंसा करते हुए श्री अग्रवाल ने समाज को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अपनी प्रत्यक्ष सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

अतिथि के रूप में ही पधारे हुए महंत श्री रामसुंदर दास जी ने भी श्री रायपुर पुष्टिकर समाज की सृजनात्मक दृष्टिकोण की सराहना की। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व महापौर प्रमोद दुबे सहित विभिन्न ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने उद्बोधनों में श्री रायपुर पुष्टिकर समाज के रचनात्मक दृष्टिकोण और परिणाम स्वरूप बने भवन की दिल खोलकर प्रशंसा की।

श्री रायपुर पुष्टिकर समाज ट्रस्ट के सदस्यों ने अपनी इस उपलब्धि के लिए शासकीय एवं प्रशासनिक सहयोग के महत्व को पूरा सम्मान देते हुए समाज के प्रत्येक परिवार और प्रत्येक सदस्य से मिले प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता को निश्चित रूप से समाज के प्रत्येक सदस्य की प्रत्यक्ष सहभागिता की सुदृढ़ पृष्ठभूमि पर ही आधारित बताया।





# भाटापारा में यातायात व्यवस्था का बुरा हाल यातायात जाम से लोग परेशान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर में इन दिनो एक बार फिर यातायात व्यवस्था के अस्त व्यस्त हो जाने से लोग परेशान है खासकर रेल्वे स्टेशन क्षेत्र हटरी बाजार रेल्वे अंडरब्रिज बस स्टेंड कृषि उपज मंडी तिराहा सदर बाजार रामसप्ताह चौक फौवारा चौक सहित हटरी बाजार में अव्यवस्थि त यातायात के कारण लोग हलाकान है शहर के भीतर लगातार 24 घंटे छोटे बडे सभर प्रकार मालवाहक चौपहिया वाहन प्रवेश कर रहे है जिससे सडक यातायात बाधित हो रहा है वही आर्थिक व चालानी दंडात्मक कार्यवाही नही होन से सडक पर अपने दुकान का समान बोर्ड व वाहन रखकर बेखौफ रूप से लोग सडक यातायात को बाधित कर रहे है कुछ वर्ष पूर्व शहर के भीतर भारी वाहनो के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया था लेकिन अब पिछ्ले कुछ समय से शहर थाना से लेकर बस स्टेड से मुख्य मार्ग में सभी प्रकार के भारी वाहन जिसमें ट्रक टेक्टर माजदा छोटा हाथी व अन्य मालवाहक वाहन तेजी से 24 घंटे आ जा रहे है जिससे सदर बाजार हटरी बाजार रामसप्ताह चौक जयस्तभ चौक तथा पंचायती मंदिर जैन मंदिर सती मदिर मार्ग में यातायात जाम से लोग हलाकान हो गये है इसी प्रकार बस स्टैड चौ क के चौराहे पर यातायात का नियंत्रण नही होने से वहा पर सुबह से देर रात तक यातायात जाम में लोग फ सकर भाटापारा शहर की प्रसासनिक व्यवस्था को कोसने लगे है बस स्टैड चौक मे भारी यातायात के दबाव के कारण रोजाना वहा पर कुछ न कुछ हादसा हो रहा है उसके बावजूद जिला पुलिस प्रशासन द्वारा व्यवस्था को बनाये रखने के लिए ध्यान नही दिया जा रहा है जबकि बस स्टेड चौक गोविन्द चौक फौवारा चौक महरानी चौक तरंगा नाका तथा महासती मंदिर के पास पर्याप्त ट्रेफिक बल तैनात किये जाने की जरूरत है बस स्टेड चौक मे कुछ ही देर के लिये एक ट्रेफिक सिपाही मौजूद होता है उसके बाद एक लंबे समय तक कोई ट्रेफिक की व्यवस्था नही होने से यातायात जाम एक बडी समस्या बन गयी है वही ईतवारी राम यादव हायर सेकेंडरी स्कूल से लेकर जय स्तंभ चौक तक के मार्ग में अवैध पार्किंग से चौपहिया वाहनो की लंबी कतार रखे जाने से समूचा सडक बाधित हो रहा है स्कूल कालेज के प्रारंभ हो जाने के बावजूद भाटापारा में ट्रेफिक व्यवस्था को सुधारने की दिशा में अब तक कोई ठोस प्रयास नही किये जाने से नागरिको म ें आक्रोश व्याप्त है ।



**जय स्तंभ चौक तक के मार्ग में अवैध पार्किंग से चौपहिया वाहनो की लंबी कतार**

# स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू अब तक पुस्तकें उपलब्ध नहीं

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** नये शैक्षणिक सत्र को शुरू हुए 10 दिन हो चुके हैं लेकिन अब तक पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों को शासन की ओर से निशुल्क दी जाने वाली किताबें नहीं मिल पाई है। विद्यार्थी बिना किताबों के क्या पढ़ायी करें। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम को बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं है इसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है। प्रदेश में शासकीय, अशासकीय स्कूलों को हर साल पाठ्यपुस्तक निगम निशुल्क पुस्तक उपलब्ध कराता है। स्थानीय बालक शा. उ. मा. शा. के प्रभारी प्राचार्य रविन्द्र यादव ने बताया कि निगम की ओर से भ्रष्टाचार रोकने किताबें में प्रकाशित होने वाले क्यू आर कोड के कारण देरी हो रही है। सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात तो राज्य सरकार कर रही है लेकिन जो सुविधा बच्चों को मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पा रही है। एक ओर जहाँ प्राइवेट स्कूल के बच्चे सत्र शुरू होने से पहले ही किताब खरीद चुके हैं वहीं दूसरी ओर सरकारी विद्यालयों में बच्चों को अब तक नई किताबें नहीं मिली हैं। कुछ विद्यालयों के शिक्षकों ने बताया नया सत्र शुरू हो चुका है लेकिन नई किताबें उपलब्ध नहीं होने के कारण पुरानी किताबों से ही बच्चों को पठन-पाठन कराया जा रहा है।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com